


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 14 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-167 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मुठभेड़ में 2 सैनिक शहीद, 2 घायल

**श्रीनगर,14 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के शुक्रवार को चटरू गांव में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए. भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शहीद सैनिकों की तस्वीरों के साथ इस खबर की पुष्टि की. कोर ने पोस्ट में लिखा, व्हाइट नाइट कोर और सभी रैंक बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं; परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं. मृतक सैनिकों की पहचान नायब सूबेदार विपन कुमार और सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई है. इस बीच, घायल सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया है, और आतंकवाद विरोधी अभियान में शामिल सुरक्षा बलों को मज़बूत करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है. मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और पुलिस की एक संयुक्त सुरक्षा टीम ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए छत्रू बेल्ट के नैदघाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया.

### एसआई भर्ती परीक्षा निरस्त करने की अपील खारिज

**बिलासपुर,14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा निरस्त करने की अपील हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को सही बताया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि, असफल परीक्षार्थी भर्ती निरस्त करने की अपील नहीं कर सकते हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट के इस फैसले से परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सिंगल बेंच ने भर्ती प्रक्रिया को 45 दिन में पूरा करने के लिए निर्देश दिया था। इसके बाद भी नियुक्ति आदेश नहीं जारी होने से नाराज अभ्यर्थी इन दिनों रायपुर में आंदोलन कर रहे हैं। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने कहा- कानूनी स्थिति और तथ्यों के मद्देनजर संपूर्ण चयन प्रक्रिया को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है। बेंच ने कहा- कानूनी स्थिति और तथ्यों के मद्देनजर संपूर्ण चयन प्रक्रिया को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है।

### गाड़ी का टायर फटा, केसर पान मसाला के मालिक की पत्नी की मौत

**इटावा, 14 सितंबर।** कानपुर के प्रसिद्ध केसर पान मसाला कंपनी के मालिक हरीश मखीजा की पत्नी की एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि प्रीति मखीजा की कार का टायर इटावा के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अचानक फट गया। जानकारी के अनुसार, कार में केसर पान मसाला कंपनी के मालिक हरीश मखीजा की पत्नी प्रीति मखीजा, कानपुर के प्रसिद्ध शराब कारोबारी तिलक राज शर्मा की पत्नी और एक ड्राइवर सवार था। इस सड़क दुर्घटना में प्रीति मखीजा की मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक अन्य महिला और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। पता चला है कि हरीश मखीजा और तिलक राज शर्मा अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक निजी समारोह में शामिल होने के लिए आगरा जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार 79 मैनपुरी के करहल टोल के पास पहुंची, तभी टायर फट गया और गाड़ी अचानक पलट गई। मृतक महिला के बेटे पीयूष मखीजा ने बताया कि हादसे के वक्त बारिश बहुत तेज हो रही थी और गाड़ी की रफ्तार भी अधिक थी। इसी दौरान टायर फट गया और गाड़ी पलटने से मेरी मां की मौत हो गई। एक अन्य महिला इस हादसे में घायल हुई हैं।

वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

मैनपुरी के भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि अचानक गाड़ी एक्सप्रेसवे पर पलट गई और कार में सवार प्रीति मखीजा की मौत हो गई है।

# तीन खानदानों के चक्कर में पिसता रहा जम्मू-कश्मीर: मोदी

**श्रीनगर,14 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार के तहत रैली को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के डोडा पहुंचे। मोदी ने डोडा में चुनावी रैली में कहा कि तिगुनी मेहनत करेंगे, जम्मू-कश्मीर को साथ मिलकर समृद्ध बनाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। राजनीतिक वंशों ने अपने बच्चों को आगे बढ़ाया, नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया। साल 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद हमने जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। नए नेतृत्व और कांग्रेस, पीडीपी तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस के वंशवाद के बीच लड़ाई है; इन वंशों ने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि इतनी पीढ़ियां गुजरने के बाद उनको भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। आज ऐसे अनेक साथी हैं, जिनको पहली बार वोट डालने का हक मिला है। भारत का संविधान हर किसी को वोट का अधिकार देता है। लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार देता है। आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। ये दिखावा ये अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए कर रहे हैं। हकीकत क्या है, ये जम्मू कश्मीर का बच्चा-बच्चा जानता है। इन लोगों ने बाबा साहेब के बनाए संविधान की आत्मा को नोच दिया था। वरना क्या कारण था कि हमारे जम्मू कश्मीर में दो संविधान चलते थे। क्यों यहां के लोगों को वो हक नहीं मिलता था, जो बाकी देश में मिलता था। क्या कारण है कि यहां हमारे पहाड़ी भाई-बहनों को इतने वर्षों



आरक्षण नहीं मिला।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में ये SC/ST और OBC का नाम तक नहीं लेते थे।लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार छीन लिया था।कांग्रेस की सोच और नीयत क्या है, ये उनके अध्यक्ष की बातों से भी साफ हो जाता है। वो यहां आकर कहते हैं कि अगर हमें 20 सीटें ज्यादा आती, तो मोदी सहित भाजपा के सभी नेता जेल में होते। क्या यही एक एजेंडा है इनका? जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव... तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। एक खानदान... कांग्रेस का है... एक खानदान... नेशनल कॉन्फ्रेंस का है... एक खानदान... पीडीपी का है... जम्मू-कश्मीर में इन तीन खानदानों ने मिलकर आप लोगों के साथ जो किया है... वो किसी पाप से कम नहीं है। डोडा में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है। जम्मू-कश्मीर के बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं,भाजपा ने इसके लिए प्रेमनाथ डोगरा योजना की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं,भाजपा ने इसके लिए प्रेमनाथ डोगरा योजना की घोषणा की है। भाजपा जम्मू-कश्मीर को विकसित और आतंक मुक्त बनाना चाहती है। भाजपा का संकल्प और आपका साथ ही शांत, सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर बनाएगा। इसलिए आपको 18 सितंबर को भाजपा के सभी उम्मीदवारों को भारी बहुमत बसे जीताकर विधानसभा भेजना है।

### भारत के एक सपूत का अमेरिका में किया गया अपमान

पीएम मोदी ने अमेरिका में पत्रकार के साथ हुई बदसलूकी पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान के दावे पर भी सवाल उठाए हैं। पीएम मोदी ने चुनावी रैली में कहा कि वे मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते हैं। लेकिन हमारे देश के एक पत्रकार पर अमेरिका में कांग्रेस द्वारा बदसलूकी की गई। पत्रकार से बदसलूकी का मामला अब बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से भी इसको लेकर प्रतिक्रिया सामने आ गई है। पीएम मोदी जम्मू कश्मीर के डोडा में रैली करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका में पत्रकार के साथ बदसलूकी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने भारत के बेटे का अमेरिका में अपमान बताया है।

# रेगिस्तान में भटके भिलाई के युवक व मित्र की मौत

### मामला सऊदी अरब का,बिना भोजन पानी के तड़पते रहे

**भिलाई,14 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सऊदी अरब में काम कर रहे भिलाई सेक्टर-7 निवासी मोहम्मद शेहजाद खान की रेगिस्तान में भटक कर मौत हो गई है। शेहजाद सऊदी के रेगिस्तान रुब-अल खाली में फंस गया था उसका जीपीएस काम करना बंद कर दिया था। तीन दिन तक रेगिस्तान में भटकता रहा। उसे भोजन-पानी नहीं मिला, जिससे उसकी मौत हो गई। चार दिन पहले उसकी लाश को हैदराबाद लाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उसकी मौत हुई उसे दुनिया की सबसे खतरनाक जगहों में से एक कहा जाता है। सेक्टर-7 निवासी भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अनवर सैयद अली ने बताया कि शेहजाद उनका भांजा था। वे सेक्टर-7 सड़क -26 क्वाटर-9 बी में रहते हैं। उसके पिता बीएसपी में नौकरी करते थे। शेहजाद चार साल से सऊदी अरब की एक टेली-कम्युनिकेशन कंपनी में सर्वेयर का जॉब करता था। कंपनी ने उसे सर्वे के लिए भेजा था। वह गाड़ी में एक साथी के साथ निकला था। वह सुडान के रास्ते से गुजर रहा था रास्ते में उनका जीपीएस सिग्नल फेल हो गया वह रेगिस्तान रुब-अल खाली में भटक गया



तीन दिनों तक रास्ता खोजता रहा, लेकिन इसके कुछ समय बाद उनकी गाड़ी में तेल और फोन की बैटरी भी खत्म हो गई, जिस वजह से वे किसी से मदद नहीं मांग पाए। तीन दिन तक शेहजाद और उसका दोस्त लंबे समय तक रेगिस्तान की चिलचिलाती गर्मी में बिना पानी व खाना के फंसे रहे। भूखे-प्यास रहने की वजह से उनकी तबियत बिगड़ गई और दोनों की मौत हो गई। अनवर सैयद अली ने बताया कि जब वह कंपनी नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरु की गई। पहले दो जहाज से उसे खोजा गया, लेकिन नहीं मिला। फिर चार जहाज लगाये गये। 22 अगस्त को उसकी गाड़ी दिखाई दी। जब गाड़ी के पास गए तो शेहजाद मृत पड़ा मिला। दूसरा युवक 150 मीटर दूर मृत मिला। दोनों के शव को लाया गया। शेहजाद के शव को भारत भेजा गया। हैदराबाद में उसके पैतृक गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया। अनवर ने बताया कि शेहदाज की शादी हो गई है। उसकी पत्नी दो बच्चे है। वह अपने छोटे बच्चे को देख भी नहीं पाया। इतना बोलकर उनकी आंखे भर आई। उन्होंने कहा कि शेहजाद पढने में होशियार था। सिविल में डिप्लोमा कर साउदी निकल गया। इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है

### 1 नक्सली ढेर, सामग्री बरामद

**सुकमा,14 सितंबर।** सुकमा जिला के थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत तुमालपाड़ के जंगल-पहाड़ी में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 01 नक्सली ढेर हो गया और हथियार सहित बड़ी मात्रा में नक्सली सामाग्री बरामद की गई है. पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 01 नक्सली ढेर हो गया है, नक्सली का शव और हथियार सहित भारी मात्रा में नक्सली सामाग्री बरामद किया गया है. मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की शिनाख्तगी की जा रही है, बता दें कि इस अभियान में जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर ने संयुक्त कार्यवाही की है.

# अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरोह का सदस्य बंदी

**मुंगेली,14 सितंबर।** मुंगेली जिला के लोरमी निवासी सेवानिवृत बी.एम.ओ द्वारा शिकायत की गई थी।कुछ लोगों द्वारा वीडियो कॉल कर स्वयं को मुंबई काईम ब्रांच अधिकारी बताकर डरा धमका कर डिजिटल अरेस्ट कर 7 लाख 36 हजार रूपऐ का ठगी कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली श्री गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली श्री पंकज पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर तत्काल आरोपी के पतासाजी हेतु निर्देश दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली श्री गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशन में टीम तत्काल सक्रिय हो गई एवं बैंक डिटेल एवं मोबाईल लोकेशन के आधार पर केरल रवाना हुई केरल के संभावित स्थानों पर मुंगेली पुलिस की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर दबिश दी गयी। 01 दिन के प्रयास से टीम को केरल के मल्लापुरम् जिले के चेरुकापल्ली वेल्लुवागड से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसका एक अन्य साथी जिलशाद निवासी कालीकट भी इसके गिरोह में शामिल है जिसके गिरफ्तारी हेतु टीम प्रयासरत् है।



वारदात को अंजाम देने के पश्चात् आरोपी फवाज दुबई भागने के फिराक में था किन्तु मुंगेली पुलिस की तत्परता एवं सक्रियता से विदेश भागने में असफल रहा। प्रार्थी रिटार्यड बीएमओ डा. दीपक लाज को डिजिटल अरेस्ट के दौरान आरोपियों द्वारा डराया गया कि आपके द्वारा जो पार्सल दुबई भेजने के लिए मुंबई भेजा गया है उसमें आर्मी का ड्रेस, आई कार्डस् एवं प्रतिबंधित ड्रग्स पाया गया है इसलिए आपको डिजिटल अरेस्ट किया जाता है। इस प्रकार भयादोहन कर लगातार कॉल में उपलब्ध रहने एवं फोन डिस्कनेक्ट न करने धमकी देकर बैंक खाते में उपलब्ध रकम में से 7 लाख 36 हजार अपने एक्सीस बैंक के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर करा लिया गया। इस घटना में थाना लोरमी में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 314/2024 धारा 318 (4) बीएनएस 66 (डी) आईटी एक्ट दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी अंतर्राष्ट्रीय सायबर ठग गिरोह का सदस्य है गिरफ्तार आरोपी फवाज पिता मोहम्मद के विरूद्ध आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना में भी इसी प्रकार के कई सायबर अपराध दर्ज है इस शातिर अपराधी की तलाश आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की पुलिस भी कर रही थी.

# ज्ञानवापी ही विश्वनाथ धाम है,मस्जिद कहना दुर्भाग्य: योगी

**लखनऊ,14 सितंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथ पंथ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा कि दुर्भाग्य से उस ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं लेकिन वास्तव में ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी हैं। यही विश्वनाथ धाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के लिए अस्पृश्यता एक अभिशाप है। यह न केवल साधना के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए भी सबसे बड़ी बाधा है। इस बात को यदि देश के लोगों ने समझा होता तो देश गुलाम नहीं होता।

मुख्यमंत्री, शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिन्दुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने तीन पुस्तकों और पत्रिकाओं का विमोचन भी किया। इनमें डॉ. पद्मजा सिंह की नाथपंथ पर लिखित पुस्तक और महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ शोध पीठ की पत्रिका 'कुंडलिनी' शामिल हैं। इसके अलावा एक दिव्यांगजन कैंटीन



का उद्घाटन भी हुआ। इस कैंटीन का संचालन दिव्यांगजन ही करेंगे। उन्होंने कहा कि आचार्य शंकर जब अपने अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर आगे की साधना के लिए काशी में आए तो साक्षात भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाहिए। आदिशंकर, जब ब्रह्ममुहूर्त में गंगा स्नान के लिए जा रहे होते हैं तो वह सबसे अछूत कहे जाने वाले एक सामान्य व्यक्ति के रूप में उनके मार्ग में खड़े हो जाते हैं। स्वाभाविक रूप से आदि शंकर के मुंह निकलता है, हटो, मेरे मार्ग से हटो। इस पर सामने से उस सामान्य व्यक्ति के रूप में वह (भगवान विश्वनाथ) एक प्रश्न पूछते हैं कि आप तो अपने आप को अद्वैत ज्ञान के मर्मज्ञ मानते हैं। आप किसको हटाना चाहते हैं। आपका ज्ञान क्या इस भौतिक काया को देख रहा है या इस भौतिक काया के अंदर छिपे हुए ब्रह्म को देख रहा है

यदि ब्रह्म सत्य है तो जो ब्रह्म आपके अंदर है, वही ब्रह्म मेरे अंदर भी है। इस ब्रह्म सत्य को जानकर यदि आप इस ब्रह्म को ठुकरा रहे हैं तो इसका मतलब आपका यह ज्ञान सत्य नहीं है। आदि शंकर भौचक थे। उन्होंने पूछा कि आप कौन हैं। इस पर उस सामान्य व्यक्ति ने कहा कि जिस ज्ञानवापी की साधना के लिए आप पैरों से चलकर यहां आए हैं, मैं उसका साक्षात स्वरूप विश्वनाथ हूं। तब वह उनके सामने नतमस्तक होते हैं और उन्हें इस बात अहसास होता है कि यह जो भौतिक अस्पृश्यता है वो न केवल साधना के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए भी सबसे बड़ी बाधा है। इस बात को यदि देश के लोगों ने समझा होता तो देश गुलाम नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से उस ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं लेकिन वास्तव में ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी हैं। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# जिंदगी में सब खटाखट नहीं होता मेहनत करनी पड़ती है:जयशंकर

**नई दिल्ली,14सितंबर।** लोकसभा चुनाव 2024 में नेताओं की तरफ से अजीबोगरीब बयान खूब देखने सुनने को मिले। राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान खटाखट शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने गरीबों के खाते में एक-एक लाख रुपये डालकर खटाखट गरीबी खत्म करने की बात कही थी। वहीं अब भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है और जीवन खटा-खट नहीं है। जिनेवा में भारतीय समुदाय से बात करते हुए जयशंकर ने पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा हासिल किए गए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर प्रकाश डाला। अपनी टिप्पणी के दौरान विदेश मंत्री ने कांग्रेस नेता द्वारा की गई खटा खट वाली टिप्पणी का भी लाइटर नोट पर जिक्र किया। जयशंकर ने बयान के बाद दर्शक खूब हंस पड़े।

विदेश मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए जरूरी मैन पॉवर का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक हम मानव संसाधनों का विकास नहीं करते हैं, जब तक आप बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं करते हैं, तब तक कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। आपके पास नीतियां होनी जरूरी होती हैं। जिंदगी खटा-खट नहीं है। जीवन कठिन परिश्रम का दूसरा रूप है। जयशंकर ने कहा कि जिस किसी ने भी नौकरी की है और काम किया है, वह इसे जानता है। इसलिए यह मेरा आपके लिए संदेश है कि हमें इस पर कड़ी मेहनत करनी होगी। लोकसभा अभियान के हिस्से के रूप में एक चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी ने वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी जीतती है, तो वे देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में 1 लाख रुपये स्थानांतरित करेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि ट्रांसफर खटा-खट यानी तुरंत हो जाएगा। बता दें कि जयशंकर 12-13 सितंबर तक दो दिवसीय यात्रा पर स्विट्जरलैंड में थे। यात्रा के दौरान, उन्होंने जिनेवा में स्थायी मिशन में भारतीय समुदाय एक बड़ी सभा के साथ बातचीत की। उन्होंने भारत द्वारा की गई तीव्र प्रगति और दुनिया के साथ जुड़ने के भारत के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

### पानी से लबालब भरे ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडर ब्रिज को क्रॉस करते समय डूबी कार

**फरीदाबाद,14 सितंबर।** हरियाणा के जिले फरीदाबाद के ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे भरे बरसाती पानी में एसयूवी 700 गाड़ी के डूबने के कारण उसमें बैठे एचडीएफसी के बैंक मैनेजर और कैशियर की बीती रात को मौत हो गई. मृतकों के साथ काम करने वाले बैंक कर्मचारी आदित्य का कहना है कि गुरुग्राम के सेक्टर 31 में एचडीएफसी की शाखा में विराज द्विवेदी बतौर कैशियर के रूप में कार्यरत थे. वहीं पुण्यश्रेय शर्मा बैंक के मैनेजर थे. वे बैंक यूनियन के प्रेसिडेंट भी थे. आदित्य के अनुसार, बीते दिनों जमकर बारिश हुई थी. इस कारण विराज द्विवेदी बैंक मैनेजर को एक्सयूवी 700 गाड़ी में छोड़ने के लिए आ रहे थे.

### 16 को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

# ट्रायल के दौरान वंदेभारत पर पथराव, 5 गिरफ्तार

**महासमुंद,14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बागबाहरा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव का मामला सामने आया है. पत्थर मारने से ट्रेन के तीन कोच C 2-10 , C4-1,C9-78 के शीशों में दरारें आई है. इस घटना की सूचना पर आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची और 5 आरोपी को गिरफ्तार किया है. पांचों आरोपी बागबाहरा के रहने वाले हैं. आरपीएफ पुलिस रेलवे एक्ट 1989 के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को आज रेलवे कोर्ट में पेश करेगी. बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की दूसरी वंदे भारत ट्रेन 16 सितंबर से दुर्ग व विशाखापट्टनम के लिए चलाई जाएगी ,जिसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 16 सितंबर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इस वंदे भारत ट्रेन को 13 सितंबर को ट्रायल



के लिए चलाया गया, जो महासमुंद, बागबाहरा होते विशाखापट्टनम गई और वापस आते समय रात्रि 9 बजे बागबाहरा स्टेशन से गुजर रही थी, तभी कुछ लोगों ने वंदे भारत ट्रेन पर पथराव कर दिया. आरपीएफ निरीक्षक प्रवीण धाक्कड़ ने बताया, इस पथराव से ट्रेन के कोच C2-10 , C4-1, C9-78 के शीशों में दरारें आई है. इस घटना की सूचना पर आरपीएफ पुलिस ने पांच पत्थरबाज आरोपी शिव कुमार बघेल , देवेन्द्र चंद्राकर , जीतू तांडी , लेखराज सोनवानी एवं अर्जुन यादव को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट 1989 के तहत मामला दर्ज किया गया है. आज आरोपियों को रायपुर रेलवे कोर्ट मे पेश किया जाएगा.

# मेरी रातों की नींद उड़ गई है: दीदी

**कोकलाता,14 सितंबर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी साल्ट लेक में स्थित स्वास्थ्य भवन के बाहर उस स्थल पर पहुंचीं, जहां जूनियर चिकित्सक आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से कहा कि बारिश के बीच सड़क पर आप प्रदर्शन कर रहे हैं, इससे मेरी रातों की नींद उड़ गई है। मैं आपको आश्वासन देती हूं कि मैं आपकी मांगों पर गौर करूंगी, अगर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई करूंगी।डॉक्टरों ने वर्तमान स्थिति पर अपनी निराशा और असंतोष व्यक्त करते हुए हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए। तनावपूर्ण माहौल के बावजूद मुख्यमंत्री ने चिकित्सा पेशेवरों से अपने कर्तव्यों पर लौटने की अपील करने के लिए किया। ममता ने रोगी की निरंतर देखभाल



और संकट के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इससे पहले ममता बनर्जी ने बड़ा बयान देते हुए कहा था कि लोगों की खातिर इस्तीफा देने को तैयार हैं और आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले में गतिरोध को हल करने के लिए चिकित्सकों द्वारा बातचीत करने से इनकार किये जाने पर खेद जताया था। बनर्जी ने आंदोलनकारी डॉक्टरों के बैठक के लिए आने का करीब दो घंटे तक इंतजार किया। उन्होंने इस दौरान कहा था कि वह भी चाहती हैं कि पीड़िता को न्याय मिले। उन्होंने लगातार गतिरोध के लिए पश्चिम बंगाल की जनता से माफी मांगी। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने पिछले 33 दिनों में बहुत सारी झूठी बातें और अपमान सहन किया है, लेकिन उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि काम पर न लौटकर उच्चतम न्यायालय के निर्देश का उल्लंघन करने के बावजूद वह उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगी। बलात्कार और हत्या की पीड़िता के परिवार के लिए न्याय समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों के साथ गतिरोध के बीच एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। नाटकीय घटनाक्रम में राज्य सचिवालय (नबान्न) के द्वार पर पहुंचे आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने बैठक का सीधा प्रसारण करने की अपनी मांग पूरी होने तक राज्य सरकार के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग के अनुसार बनर्जी की मौजूदगी में शाम पांच बजे वार्ता होनी थी।

# गृहमंत्री की फटकार के बाद बड़ी कार्रवाई

### तालाब में छुपाकर रखी 700 लीटर महुआ शराब और 6 हजार किलो महुआ लहान जब्त

**तखतपुर,14 सितंबर।** गृहमंत्री विजय शर्मा की मीटिंग के बाद शराब की अवैध बिक्री को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम हरकत में आई है. आज टीम ने बिलासपुर जिले के गनियारी गांव में दबिश देकर महुआ शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. गांव के तालाब और जमीन में छिपाकर रखे 700 लीटर महुआ शराब और 6 हजार किलो से अधिक महुआ लहान का जखीरा बरामद किया गया है.

आबकारी विभाग की इस कार्रवाई के बाद तखतपुर इलाके में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा कि लंबे समय से गनियारी में अवैध शराब का धंधा चल रहा था. इस मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा के फटकार के बाद विभाग हरकम में आई और आज लावारिश हालत में शराब का जखीरा बरामद किया. गांव में सुबह से विभाग की कार्रवाई जारी है. सहायक जिला आबकारी अधिकारी बिलासपुर कल्पना राठौर ने बताया कि बिलासपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण और



जिला सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी के निर्देश पर कच्ची महुआ शराब पर कार्रवाई के निर्देश मिले थे. मुखबिर से सूचना मिली थी कि गनियारी में अवैध शराब का कारोबार हो रहा है. इस पर अपनी टीम के साथ तड़के दबिश देकर कार्रवाई की गई. घरों में शराब नहीं मिला. जांच करने पर पता चला कि शराब तस्कर शंकर भगवान के मंदिर में शराब को छुपाकर रखे थे, जिसमें 700 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया. स्टाफ ने तालाब से 6 हजार महुआ लहान को निकाला. इस कार्रवाई में जिला सहायक आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर, आरक्षक जय संकर कमलेश, ड्राइवर ललित, मुख्य आरक्षक सुभाष तिवारी की अहम भूमिका रही.

## एक नजर

### च्वाइस सेंटर चलाने वाले युवक से आठ लाख 14 हजार रुपये की ठगी

**भिलाई 14 सितंबर।** आनलाइन टास्क पूरा कर के कमाई करने का झांसा देकर ग्राम भेड़सर में च्वाइस सेंटर चलाने वाले एक युवक से आठ लाख 14 हजार रुपये की ठगी कर ली गई आरोपितों ने शुरुआती दो टास्क को पूरा - करने पर क्रमश एक हजार का 1,300 और दो हजार रुपये का साढ़े छह हजार रुपये वापस लौटाए इसके बाद तीसरे टास्क में ज्यादा रुपये लगाने की बात कहकर उससे रुपये ऐंठते गए पूरे रुपये देने के बाद भी जब पीड़ित को उसके रुपये नहीं मिले तो उसने नगपुरा चौकी में इसकी शिकायत की जिसके आधार घर पुरानी भिलाई पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि ग्राम भेड़सर निवासी फलेंद्र कुमार देशमुख अपने गांव में ही च्वाइस सेंटर चलाता है। 16 अगस्त को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया जिसमें अतिरिक्त आय के संबंध में बातें लिखी थी और एक टेलीग्राम चैनल का लिंकं था पीड़ित ने उस लिंक से रिटर्न आफ आर्या ग्रुप ज्वाइन किया। जिस पर गुरबीर सिंह नाम के एक व्यक्ति ने पीड़ित को बताया कि टेलीग्राम पर उसे आनलाइन टास्क पूरा करना होगा जिससे उसे काफी लाभ होगा पीड़ित ने पहले एक हजार रुपये वाला टास्क चुना और उसे लाभ 1,300 रुपये मिले। इसके बाद दूसरे टास्क में दो हजार रुपये जमा करने पर लाभ सहित साढ़े छह हजार रुपये मिले तीसरे टास्क में उससे रुपये ऐंठने की शुरुआत हुई उससे टास्क के नाम पर रुपये लेने के बाद देरी होने पर पेनाल्टी के नाम पर उससे कुल आठ लाख 14 हजार रुपये ले लिए गए, फिर आरोपितों ने कहा कि सहित कुल 12 लाख 98 हजार रुपये की राशि अगले दिन सुबह नौ बजे तक मिलेगी परंतु बाद में वहां से कोई जवाब नहीं आया।

### पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना टली



**भिलाई 14 सितंबर ।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र पुलिस की सक्रियता से एक बड़ी घटना होने से टल गई चार आरोपितों ने एक युवक को अगवा कर लिया था चारों उसे कार में बैठाकर पीटते हुए करीब चार किलोमीटर दूर हथखोज की तरफ गए आरोपितों ने अपने पास से चाकू निकाला और उसे मारने की धमकी देने लगे तभी सूचना पर पुलिस की टीम उनका पीछा करते हुए वहां पहुंच गई यह देख आरोपितों ने पीड़ित को कार से धक्का दिया व फरार हो गए पीड़ित की शिकायत पर पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की श्रीकी और उन्हें गिरफ्तार किया छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि ग्राम उमदा निवासी हेमंत चंद्राकर उर्फ भोला (27) ने अपने तीन दोस्त संजय यादव (36) निवासी हथखोज सूरज गावड़े (34) निवासी कैंप-2 बैकुंठधाम मंदिर के सामने और सीताराम राजू उर्फ राजू (45) निवासी घासीदास नगर जामुल के साथ मिलकर उमदा निवासी पीड़ित शुभम सेन (23) को गुरुवार की दोपहर में अगवा कर लिया था मुख्य आरोपित हेमंत चंद्राकर उर्फ भोला का पीड़ित शुभम सेन से विवाद हुआ था इसी का के बदला लेने उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसका अपहरण किया व उसे कार में बैठाकर पीटते हुए ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज ले गए। उमदा सांस्कृतिक भवन के पास जब आरोपित, पीड़ित को जबरदस्ती कार में बैठा रहे थे, तब वहां उपस्थित लोगों ने उन्हें देख लिया था और पुलिस को फोन कर दिया था।

### बीएसपी में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**भिलाई, 14 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का आयोजन 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ राष्ट्र के लिए, राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक गतिशीलता और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीएसपी के संयंत्र परिसर, टाउनशिप एवं बीएसपी के अन्य विभागों में विभिन्न गतिविधियों और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। भिलाई इस्पात संयंत्र में 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का समापन समारोह निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया जायेगा।


### इंजीनियर्स भवन में मनाया जायेगा 57 वां इंजीनियर्स डे

**भिलाई, 14 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), भिलाई लोकल सेंटर द्वारा 57 वां इंजीनियर्स डे 2024 का संयुक्त रूप से आयोजन 15 सितंबर को इंजीनियर्स भवन सिविक सेंटर में शाम 6.30 बजे किया जाएगा। इस वर्ष इंजीनियर्स दिवस की थीम नवीनतम एआई संचालित प्रौद्योगिकियों को अपनाते हुए इंजीनियरिंग समाधानों के साथ सेस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना है।

### भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के आसिम बने नए सदर



**भिलाई, 14 सितंबर ।** भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट, सेक्टर-6 में नई कार्यकारिणी निर्विरोध चुन ली गई है। जिसमें सर्वसम्मति से मिर्जा आसिम बेग को नए सदर बनाए गए हैं। सचिव सैयद हुसैन, कोषाध्यक्ष-सैय्यद आतिफ अली, उपाध्यक्ष-शमीम अहमद, जफर जावेद, अब्दुल तहूर पवार, एम. असदुद्दीन, मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद मुर्तुजा हुसैन, सह सचिव-अब्दुल हफीज, मोहम्मद अजहर, निजामुद्दीन खान, शेख वहीद अहमद, ए. नसीम खान, संयुक्त कोषाध्यक्ष-शेख जमील कुरैशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।




कवर्धा में ब्रह्मलीन स्वामी करपात्री जी गणेश पूजा समिति करपात्री चौक कवर्धा में गणेश जी की प्रतिमा विराजित।



कवधा। वार्ड 12 में श्री गणेश भगवान जी की मूर्ति विराजित।

## मानस मर्मज्ञ पंडित बलदेव प्रसाद मिश्र की जयंती पर साकेत संत सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 सितंबर ।** साहित्य मनीषी डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र की 126वीं जयंती का आयोजन कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम के सभागार में 12 सितंबर को किया गया। राज्य गान श्रीमती एस ममता राव द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉक्टर बल्देव प्रसाद मिश्र ने रामचरित मानस के सिद्धांतों की बहुत ही सरल व्याख्या कर जन मानस तक पहुंचाया है। उनकी व्याख्या उनके रचित ग्रंथ मानस मंथन का अध्ययन कर समझी जा सकती है। आपकी रचनाओं और साहित्य की एक लंबी सूची है। अपने जीवन काल में 80 प्रकाशित एवं अनेक अप्रकाशित पुस्तकें लिखी हैं। उनमें से ही मुक्त संगृह, साकेत संत का प्रकाशन सन् 1946 में हुआ था। डॉक्टर बल्देव प्रसाद मिश्र मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष, अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तुलसी जयंती समारोह के भी अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। डॉक्टर बल्देव प्रसाद मिश्र की कृतियों और उनके सम्मान में अनेकों सम्मतियां लिखी गई और प्रदान की गई हैं। विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त, पंडित अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध, हिंदी के युग प्रवर्तक पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी आदि विचारक, चिंतकों ने अपने अपने सारगर्भित पत्रों के माध्यम से सम्मानित किया है। मिश्र जी के मुख से प्रत्यक्ष राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने रामायण की विद्वतापूर्ण व्याख्या श्रवण कर कहा था कि आपने अपने विषय पर गहन अध्ययन किया है। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के अध्यक्ष उमाशंकर दीक्षित ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि साहित्यकार जय प्रकाश साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा और साहित्य समाज के लिए अति आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि द्वय प्रसिद्ध साहित्यकारों लोक बाबू ने डॉक्टर बल्देव प्रसाद मिश्र के विचारों संस्मरण किया। प्रसिद्ध साहित्यकार श्रीमती प्रतिमा मिश्रा ने विचार व्यक्त किया प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के सेवानिवृत्त व्याख्याता आर पी दीक्षित ने बल्देव प्रसाद मिश्र के साथ आत्मीयता से परिपूर्ण दैनिक दिनचर्या, स्वभाव और विचारों से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि प्रभुनाथ मिश्र, श्रीमती विनोदनी पाण्डेय, आशीष मिश्रा ने अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। मुख्य अतिथि जय प्रकाश साव को साकेत संत सम्मान से अलंकृत किया गया। आभार व्यक्त राकेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डी पी राय, रामलखन मिश्रा, रमेश शर्मा, श्रीमती ममता अवस्थी, श्रीमती विजया मिश्रा, विजय तिवारी, अतुल अवस्थी, संदीप दीक्षित, सी के तिवारी, चंद्र किरण मिश्रा, श्रीमती ममता राव, चकरैल, डॉ. कोमल सिंह सार्वा आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कवर्धा में लगातार उठ रही है शराब बंदी की मांग





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 14 सितंबर।** भोरम देव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी और सेवानिवृत डिप्टी रेंजर अयूब खान और व्यापारी चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने शराब बंदी की मांग करते हुए कहा की शराब से परिवार का भविष्य बर्बाद होती है और शराब के कारण अपराध बढ़ते है और शराब के कारण बच्चो पर माता पिता ध्यान नहीं दे पाते है इसलिए शराब बंद सरकार को कर देना चाहिए । सुबह से ही शराब दुकानों पर गरीब परिवार के लोग शराब खरीदते हुए देखे जाते है जो की मन को चिंतित करती है । अधिकतर महिलाओं ने भी नाम ना बताने की शर्त पर शराब बंदी की मांग की । व्यापारी चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने इतना तक कह दिया की गुटखा , सिगरेट , तंबाकू की बिक्री पर रोक लगाना चाहिए और नशा मुक्त होना चाहिए । आयूब खान ने कहा की योगा सभी लोगो को करना चाहिए जिससे शरीर और मन स्वस्थ रहेगा । शराब बंदी होगी तो परिवार का भाविश बहुत अच्छा होगा ।

## जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जा रहा है वजन त्यौहार: आनंद तिवारी

**कवर्धा 14 सितंबर।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार 12 से 23 सितम्बर का आयोजन किया जाना है। इस दौरान संपूर्ण जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा लगभग 80000 बच्चों के वजन एवं उंचाई का माप किया जायेगा। जिले के 63 सेक्टरों के 59 कलस्टरों में वजन त्यौहार आयोजित किया गया। ग्राम बांधाटोला ,विकासखण्ड स. लोहारा के 3 आंगनबाड़ी केन्द्रों व स0 लोहारा 01 के आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित वजन त्यौहार में जिला कार्यक्रम अधिकारी आनन्द कुमार तिवारी उपस्थित हुए। उन्होने रेण्डम बच्चों के वजन और उंचाई की जांच की। सभी कार्यकर्ताओं को सावधानी से वजन एवं उंचाई लेने कहा। उपस्थित पालकों को बच्चों के पोषण स्तर के बारे में जानकारी दिया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। वजन की एन्ट्री आनलाइन एप पर की जाएगी एवं बच्चे के पोषण स्तर की जानकारी से पालकों को अवगत करा आवश्यक परामर्श एवं जानकारी दी जाएगी।जिला कार्यक्रम अधिकारी आनन्द कुमार तिवारी ने कहा की इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनसमुदाय एवं जनप्रतिनिधियों को शामिल कर सफल बनाने की अपील की गई है।



## एनएसयूआई ने सुपेला घड़ी चौक पर किया प्रदर्शन

**भिलाई, 14 सितंबर ।** दुर्ग जिला एनएसयूआई द्वारा सुपेला घड़ी चौक के समीप चंदूलाल चंद्राकर प्रतिमा के सामने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को आईना दिखाया गया। नये तरीके से एनएसयूआई के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है तब से राज्य में विभिन्न प्रकार के कलंकित करने वाले कांड छत्तीसगढ़ राज्य में हुए हैं और इसके अलावा राज्य को सरकार का कांग्रेसजनों व भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के ऊपर द्वेषपूर्ण करवाई यह साबित करती है की राज्य की सरकार पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर द्वेषपूर्ण राजनीति कर रही है. इसी के विरोध में 13 सितंबर को यह धरना प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता आशीष यादव, जिला अध्यक्ष गुरलिन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू, प्रदेश महासचिव आकाश कनोजिया, फराज अहमद, आदित्य नारंग, शिवांग साहू, संगम यादव, सुरेंद्र बाघमारे, विनीश साहू, अमोल वर्मा, फेतेह सिंह, गुरमुख सिंह, राहुल सिंह, हर्षजीत सैनी, वरुण केवतलानी, दीपक पाल, फेयांशु वर्मा, निशांत राव, जयेश वर्मा, इब्राहिम, भावेश, पियूष, सौपानिल, विशाल, जीतू इत्यादि एनएसयूआई के उपस्थित रहे।




## सलाहकार समिति की बैठक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में संपन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 सितंबर ।** नगर पालिक निगम भिलाई के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा हेतु बृहस्पतिवार को सलाहकार समिति की बैठक बुलाई गई। इस दौरान प्रभारी सदस्य एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से संचालित हो रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। निगम क्षेत्र अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कैसे एक्टिव किया जाए, उन्हे कैसे रोजगारमुखी बनाया जाए एवं उनकी आर्थिक स्थिति में कैसे सुधार किया जाए, जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस योजना से समूह की महिलाओ को कैसे अपना रोजगार बढ़ाए, जिससे उनके आय में भी वृद्धि हो इसे समझाया गया।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में इन जगहो पर संचालित हो रहा है बर्तन बैंक। जिसमे प्रमुख रूप से माडल टाउन जोन 01 भिलाई में राजेश्वरी क्षेत्र स्तरीय समिति, हाउसिंग बोर्ड कोहका में राजा राममोहन राय क्षेत्र स्तरीय समिति, सुपेला बाजार में दीपज्योति क्षेत्र स्तरीय समिति, हाउसिंग बोर्ड जोन 02 भिलाई में अनुपमा क्षेत्र स्तरीय समिति, शारदा पारा जोन 03 भिलाई में आशा किरण क्षेत्र स्तरीय समिति, सेक्टर 02 जोन 03 भिलाई में सत्यम शिवम स्व सहायता समूह, खुर्सीपार जोन 04 भिलाई में लाल बहादुर शास्त्री, धरणी, आजीविका मिशन, भूईया क्षेत्र स्तरीय समिति, छावना जोन 04 भिलाई में भगत सिंह क्षेत्र स्तरीय समिति एवं सेक्टर 06 जोन 05 भिलाई में वंदे मातरम क्षेत्र स्तरीय समिति। इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम भिलाई में 100 सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 13 बर्तन बैंक चलाए जा रहे हैं। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो तक कैसे पहुंचाया जाए उसके लिए योजना बनाई गई। बर्तन बैंक का उद्देश्य है कि मोहल्ले के लोग छट्ठी कार्यक्रम, जन्मदिन, छोटा-मोटा प्रित भोज में वह बर्तन को किराये पर ले जाए। बर्तनों को आवश्यकतानुसार उपयोग में लाने के बाद उसे धोकर, साफ-सुथरा कर वापस करे दे। कार्यक्रम के लिए लोगो को साफ-सुथरा बर्तन मिले इसी उद्देश्य से बर्तन बैंक बनाया गया है। जिसका उपयोग हम लोग अच्छे से कर सके इन सबको अच्छे से प्राथमिकता देने के लिए सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। सलाहकार समिति की बैठक में प्रमुख रूप से सदस्य नोमिन साहू, लक्ष्मी देवी साहू, सुरेश कुमार वर्मा, सचिव अजय कुमार शुक्ला प्रभारी अधिकारी, मिशन मैनेजर रीता चतुर्वेदी, अमन पटले, एकता शर्मा, ललित तनेजा, लिपिक त्रिलोक ताम्रकार इत्यादि उपस्थित रहे।

### बार एंड रॉड मिल ने दैनिक उत्पादन का रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई, 14 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की उच्च स्तरीय स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने 12 सितम्बर को किसी भी टीएमटी प्रोफाइल के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया। 12 सितम्बर को बीआरएम की ऊर्जावान टीम ने 20 एमएम टीएमटी बार में 4120 टन का उत्पादन करते हुए 2002 बिलेट्स की रोलिंग की। एक दिन में 2000 बिलेट्स रोलिंग के इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को विभाग की टीम ने सामूहिक प्रयास से पूरा किया। इसी के साथ मिल ने 04 जुलाई 2024 को दर्ज 1978 बिलेट्स (4078 टन) रोलिंग के रिकॉर्ड को पार किया।



## प्रतिमा विसर्जन स्थल पर वेस्ट मटेरियल जलाना प्रतिबंधित

**रिसाली 14 सितंबर।** नेवई डेम और हिन्द नगर तालाब के किनारे किसी तरह का वेस्ट जलाने पर प्रतिबंध किया गया है। उक्त निर्देश निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिए हैं। किसी तरह के वेस्ट जलाए जाने पर निगम अधिकारी जुर्माना वसूल करेंगे। सोमवार से गणेश प्रतिमा विसर्जन और मंगलवार से भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन शुरू हो जाएगा। निगम क्षेत्र में स्थापित प्रतिमा के विसर्जन के लिए हिंद नगर तालाब और नेवई डेम चिन्हित किया गया है। दोनों जगहों में विसर्जन कुंड बनाया गया है। नागरिकों और समितियों के पदाधिकारियों से निवेदन किया गया है कि वे विसर्जन कुंड में ही पूजा सामग्री विसर्जित करें। किसी तरह के सामग्री या वेस्ट को डेम या तालाब तट पर न जलाएं। आयुक्त ने विसर्जन कुंड से लगातार वेस्ट को निकालकर फुल, पत्ते या अन्य सामग्री की छटाई कर एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं । इसके लिए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते कहा है कि विसर्जन स्थल पर घेराबंदी करे। विसर्जन उपरांत अवशेष को भी बाहर निकालने कार्य भी करें । आयुक्त मोनिका वर्मा ने विसर्जन स्थल पर प्रकाश व पंडाल व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रभारी अभियंता गोपाल सिन्हा को दी है। वहीं यातायात व्यवस्था और भीड़ भाड़ नियंत्रण करने राजस्व विभाग के प्रभारी संजय वर्मा को अधिकृत किया गया। विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान सड़क पर मवेशी न हो इसके लिए विनोद शुक्ला को प्रभारी बनाया गया है। विसर्जन कुंड की समय-समय पर सफाई और अवशेष निकालने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार को अधिकृत किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सही देखभाल इसलिए बच्चे सुपोषित : खेमिन साहू



**उतई 14 सितंबर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 सितंबर से 23 सितंबर तक आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। परियोजना पाटन अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम सेलुद में नन्हें बच्चों के वजन और ऊंचाई की माप की गई है। इस बीच में आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के साथ राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन एवं वजन त्योहार में उत्कृष्टता से कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में सेलूद केंद्र क्रमांक 01, 02,03,04 में आज वजन त्योहार आयोजन के लिए केंद्र को गुब्बारों से सजाया गया और वजन व ऊंचाई की जांच की गई। इस अवसर खेमिन साहू सरपंच सेलूद, तिलोत्तमा मोटगरे सुपरवाइजर, कुंजना घृतलहरे कार्यकर्ता, सुभद्रा मारकंडे सहायिका, कार्तिक वर्मा पंच, महेश्वरी बंजारे, मधुबाला मांडे, लुकेश, किरण शिवारे, हेमलता, गीता धनकर, टिकेश्वरी मिर्झा, अंजलि, पूजा साहू, भुवन शिवारे, घसनिन आदि उपस्थित थे।

### नवीन किसान कुटीर का लोकार्पण



**उतई 14 सितंबर।** प्रदेश के सबसे बड़े सहकारी समिति वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्या0 उतई का वार्षिक आमसभा व नवीन किसान कुटीर का लोकार्पण शुक्रवार को धान उपार्जन उपकेन्द्र खोपली में विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, श्रीमति योगिता चन्द्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग के अध्यक्षता, फत्तेलाल वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा दुर्ग ग्रामीण, सरपंच श्रीमति मंजू वर्मा, पूकेस चन्दाकर, सोनू राजपूत शुभम वर्मा, देवेन्द्र भारती, संतोष साहू, रमाकांत चंद्राकर लुमेश्वर चन्दाकर, रूप नारायण शर्मा पूर्व अध्यक्ष वृहत्ताकार सहकारी समिति उतई श्री जीवन साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई 7 स्वागत भाषण व प्रतिवेदन संस्था प्रबंधक गिरधर सोनी के द्वारा वाचन किया गया 7 सरपंच श्रीमति मंजू वर्मा द्वारा कृषकों को कार्यक्रम में बधाई दिया व गांव में विकास की गंगा विधायक के द्वारा करायी जा रही है उसके लिए आभार व्यक्त किया 7 मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा के द्वारा धान उपार्जन उपकेन्द्र में फड़ चबूतरा व बाउन्ड्री वाल के लिए राशि 60 लाख विधायक के समक्ष रखा 7 अध्यक्षता कर रहे श्रीमति योगिता चन्द्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग द्वारा किसानो के हित में संपूर्ण सहयोग देने हेतू आश्वस्त किया 7 मुख्य अतिथि विधायक द्वारा कहा गया कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता किसान है उनके लिए पैसे की कोई कमी नहीं है कृषक सुविधा उपलब्ध कराना हमारा काम है 7 आभार प्रदर्शन प्रबंधक गिरधर सोनी द्वारा किया गया।

### शातिर ठग गिरफ्तार



**भिलाई 14 सितंबर।** छावनी थाना क्षेत्र नंदिनी रोड पावर हाउस निवासी एक बुजुर्ग महिला के घुटनों का इलाज करने का नाटक कर 70 हजार रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर साल भर बाद पुलिस की पकड़ में आए हैं गिरफ्तार आरोपितों ने अपना नाम शाकिर मोहम्मद और शाहिद मोहम्मद होना बताया वे दोनों सगे भाई हैं और जोशी कालोनी जिला बारा राजस्थान के रहने वाले हैं दोनों ने घुटने से पस निकालने का नाटक कर ठगी की थी और शहर से गायब हो गए थे छावनी प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर ने बताया कि नंदिनी रोड रविंद्र नाथ चौरसिया से 14 दिसंबर 2023 में ठगी की घटना हुई थी दो आरोपितों ने शिकायतकर्ता की पत्नी रेखा देवी चौरसिया के घुटनों के दर्द के इलाज के नाम पर ठगी की थी एक आरोपित ने स्वयं को डाक्टर बताते हुए घुटनों से पस निकालने की बात कहते हुए कहा था कि एक बार पस निकालने का 1,100 रुपये लगेगा। इसके बाद आरोपित हर बार एक तांबे का पाइप घुटने पर लगाता और मुंह से खींचकर पस निकालने का नाटक करता इस तरह से 84 बार कर उसने 92 हजार 400 रुपये का बिल बताया। पीड़ित ने 70 हजार रुपये आरोपितों को दिए दो दिन बाद फिर से दर्द बढ़ा तो उन्हें फोन किया तो आरोपितों ने 36 हजार रुपये और मांगे थे और उसके बाद फोन बंद कर फरार हो गए थे। वे दोनों आरोपित गुरुवार को पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर दिखे एक वर्ष बाद फिर से भिलाई आए तो सूचना पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया उनसे 30 हजार रुपये नकद भी बरामद कर धोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है 70 हजार रुपये साल भर पहले एक महिला से इलाज के नाम पर लेकर हो गए थे फरार।

**एक नजर**

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 7 अक्टूबर तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 14 सितम्बर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 16 सितम्बर को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर में, महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में, 19 सितम्बर को डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बाबू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में व गौरीनगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनगर में तथा 20 सितम्बर को बलराम दास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी.मिल के पास में व ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 एवं तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा. प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11- 30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अगस्त 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### राजेश मूणत ने नये विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

**रायपुर 14 सितंबर।** आज रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम जोन 8 के अंतर्गत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 19 के क्षेत्र में विभिन्न 6 स्थानों पर अधोसंरचना मद से 48 लाख रू. की स्वीकृत लागत से नये विकास कार्यो का श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर वार्ड 19 पार्षद श्रीमती मंजू वारेन साहू, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, जोन 8 जोन कमिश्नर श्री ए.के. हालदार, सहायक अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे सहित गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों की बडी संख्या में उपस्थिति के मध्य भूमिपूजन करते हुए कार्यारंभ कर शानदार सौगात दी । रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने वार्ड 19 में पार्षद श्रीमती मंजू वारेन साहू एवं गणमान्यजनों सहित अधोसंरचना मद से हरिओम किराना से नाले तक पाईप लाईन विस्तार कार्य 10 लाख में, अशोक नगर में आदर्श आंगनबाडी भवन निर्माण 10 लाख में, विकास नगर तिरंगा चैक में भवन निर्माण 5 लाख में, विकास नगर संकोटा गार्डन में जाने हेतु पुलिया निर्माण 3 लाख में, प्रीतम नगर मुक्तिधाम में शेड निर्माण 10 लाख में, भारत माता चैक में स्मार्ट सुलभ शौचालय निर्माण कार्य हेतु 10 लाख की लागत से भूमिपूजन करके कार्यारंभ करवाया। पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने जोन अधिकारियों को अधोसंरचना मद में स्वीकृति अनुसार विकास कार्यो को स्थल पर तत्काल प्रारंभ करवाकर तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखकर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### आयुक्त ने दिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने निर्देश

**रायपुर 14 सितंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने ईद ए मिलाद (मिलाद उन नबी) पर्व दिनांक 16 सितम्बर 2024 सोमवार के अवसर पर नगर निगम रायपुर के सभी जोन कमिश्नरों को ईद मिलादुन्नबी पर्व शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के शान्ति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार ईद मिलादुन्नबी पर्व दिवस पर राजधानी शहर रायपुर की प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों के आसपास समुचित साफ - सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, पानी टैंकरों की व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाईटों की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को विशेष रूप से ईदगाहभाटा, मौदहापारा, छोटापारा, तात्यापारा, पंडरी ईरानीडेरा एवं अन्य स्थानों पर स्थित मस्जिदों के आसपास विशेष साफ- सफाई, पानी के टैंकरों की व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने एवं राजधानी शहर के मुस्लिम बहुल वार्डों में विशेष रूप से साफ - सफाई, स्ट्रीट लाईट, पानी की व्यवस्था करने, सीरत मैदान शास्त्री बाजार के सामने विशेष रूप से साफ- सफाई, चूने की लाईनिंग, पानी टैंकर एवं प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है।

### नगर निगम एमआईसी की बैठक में 23 विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई

**रायपुर 14 सितंबर।** आज नगर निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्री एजाज ढेबर की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, एमआईसी सदस्य सर्वश्री ज्ञानेश शर्मा, नागभूषण राव, सुन्दर लाल जोगी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सहदेव व्यवहार, श्रीमती द्रौपती हेमंत पटेल, अपर आयुक्त श्री यू.एस. अग्रवाल, श्री विनोद पाण्डेय, उपायुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्यअभियंता श्री यू.के. धलेन्द्र, जोन कमिश्नरगणों, प्रभारी अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, श्री इमरान खान, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई । बैठक में 23 विभिन्न एजेण्डों पर चर्चा की गई। सभी विषयों पर विचार - विमर्श कर विषयवार आवश्यक निर्देश दिये गये।

### 51 आवारा मवेशियों को सड़कों से पकड़कर गौठान भेजा

**रायपुर 14 सितंबर।** माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनो द्वारा सड़क मार्गों में काउकेचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरो की सहायता से आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने अभियान सतत निरंतर जारी है। अभियान के तहत आज जोन 1 ने 5, जोन 2 ने 5, जोन 3 की टीम ने मार्गो से 6 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर गौठान में छोडा।

# कच्छ गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज ने श्री रामदेव पीर बाबा जी का उत्सव धूमधाम से मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ 14 सितंबर।** कच्छ गुर्जर गुजराती समाज के द्वारा श्री रामदेवपीर बाबा जी का जन्म उत्सव भाद्र शुक्ल द्वितीय को बड़े धूमधाम से कच्छ गुर्जर गुजराती समाज के भवन में जन्मोत्सव मनाया जाता है । कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा 32 वर्षों से प्रतिवर्ष उनके उत्सव स्वरूप कार्यक्रम मनाया जा रहा है जिसमें श्री रामदेव पीर बाबा जी के अवतार एवं लीलाओं का गुणगान करने हेतु हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक धार्मिक आयोजन कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा किया जा रहा है ।। जिसमें डोंगरगढ कच्छ गुर्जर गुजराती समाज की महिला पुरुषों और बच्चों के द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा के उत्सव को लेकर भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाती है जिसमें शोभा यात्रा शिवलाल भाई टांक के निवास से प्रतिवर्ष दोपहर 2-30 से प्रारंभ होकर शहर का भ्रमण करते हुए इस वर्ष 6-00 बजे मारवाड़ी धर्मशाला में शोभा यात्रा का समापन किया गया संध्या 6-30 बजे आरती प्रसाद वितरण और रात्रि 7-30 से 9-30 तक महाप्रसादी भंडारा का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला में किया गया । मध्य प्रदेश के बालाघाट से आए हुए कलाकार अंकित शर्मा एवं दीपिका आनंद द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा जी के भजनों के साथ साथ मध्य प्रदेश के जबलपुर से आये पुनीत राज द्वारा नित्य एवं झांकी की प्रस्तुति की गई । कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा अन्य समाज के लोगों को भी इस उत्सव व महाप्रसादी के कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया । उत्सव के एक दिन पहले गुरुवार को कच्छ गुर्जर गुजराती समाज की महिला पुरुष व बच्चों के द्वारा रास-गरबा के पारंपरिक गीत,सनोड़ो, भजन के साथ संपन्न हुआ । उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन में सुबह से श्री रामदेव पीर बाबा की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की तैयारी की गई साथ ही शाम के होने वाले अन्य कार्यक्रमो की रूप रेखा तैयार किया गया। रामदेव जी (बाबा रामदेव, रामसा पीर, रामदेव पीर,पीरो के पीर) का जन्म ऊंडु काशमीर (बाड़मेर)के एक हिन्दु परिवार में हुआ,[1] ये सायर जी जयपाल के पुत्र थे रामदेवजी की माता का नाम मगनी बाई था ,और बहन डाली बाई थी जो नीम के पेड़ के नीचे झुले में मिली बाबा रामदेव जी के वंशज थे ।रामदेव जयंती, अर्थात् बाबा का जन्मदिवस प्रतिवर्ष उनके भक्तों द्वारा सम्पूर्ण भारत में मनाया जाता है। यह तिथि भाद्र शुक्ल द्वितीया को पड़ती है। रामदेवरा के मंदिर में भादवा सुदी बीज से एकादशी तक एक अंतरप्रांतीय मेले का आयोजन होता है जिसे भादवा का मेला कहते हैं। इस मेले में देश के हर कोने से लाखों हिन्दू और मुस्लिम श्रद्धालु यात्रा करते हुए पहुंचते हैं तथा बाबा को याद कर उनकी समाधि पर नमन करते है । बाबा रामदेव के लोक गीतों और कथाओं में भैरव राक्षस का वध, घोड़े की सवारी, लक्खी बनजारे का परचा, पांचों पीर का परचा, नेतलदे की अपंगता दूर करने आदि के उल्लेख मिलते हैं बाबा रामदेव ने राजस्थान के रामदेवरा में वि.स. 1442 में भाद्रपद शुक्ल एकादशी को 33 वर्ष की आयु में समाधि ली थी समाधि लेने से पहले उन्होंने अपने हाथ से श्रीफल लेकर बड़े-बुजुर्गो को प्रणाम किया था इसके बाद, सबने पत्र-पुष्प चढ़ाकर बाबा रामदेव का पूजन किया था समाधि में खड़े होकर बाबा रामदेव ने अपने भक्तों को कुछ उपदेश भी दिए थे।

# गणेश पर्व पर शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 सितम्बर।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह गणेश विसर्जन झाकी मार्ग का निरीक्षण कर पेचवर्क पूर्ण करने, झाकी निकलने वाली मार्ग की झाडिया की डंगाली छटनी करने, विसर्जन कुण्ड की सफाई करने के अलावा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने शहर की विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली।

गणेश विसर्जन को देखते हुये नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता आज प्रातः मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, कुण्ड में ताजा पानी भरने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि विसर्जन कुण्ड के आस पास साफ सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे, इसके अलावा विसर्जन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था भी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने झाकी निकलने वाले मार्ग का निरीक्षण कर कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झाकी आने वाले रूट के शेष पेचवर्क पूर्ण करे। उन्होंने गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, गंज लाईन का निरीक्षण कर कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण कई सडके खराब हो गयी है, जिसे पेचवर्क करना है ताकि झाकी निकलने में सुविधा हो। आयुक्त श्री गुप्ता गणेश पर्व एवं विसर्जन को ध्यान में रखते हुये शहर में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर कहा कि शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में लगे विद्युत खंभो की बंद लाईट मरम्मत करे तथा विद्युत तार दुरूस्त करे। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि निर्देशानुसार नंदई चौक से मोहारा नदी तक डिवाईडर की लाईट रिपेरिंग किया गया, इसी प्रकार जी.ई.रोड की लाईटे मरम्मत की गयी तथा महामाया चौक से डोंगरगांव रोड, फरहद चौक डिवाईडर, खैरागढ़ रोड एवं फ्लाई ओव्हर की लाईट रिपेरिंग की जा रही है तथा शहर के अंदर मुख्य मार्गो की लाईटे मरम्मत की गयी है। इसके अलावा पार्षदों एवं अन्य लोगो की शिकायत पर लाईट तथा विद्युत तार दुरूस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि बरसात एवं त्योहार को देखते हुये नियमित रूप से शहर के लाईटों की जॉच कर दुरूस्त करे, इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निराकरण करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर बाढ़ के कारण प्लांट की कुछ मशीने खराब हो गयी थी, उसे तत्काल मरम्मत करने तथा अतिरिक्त रखे पंप को चालू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्लांट में पानी भरने पर शहर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई, मोटर की मरम्मत कर पानी सप्लाई की जा रही है। उन्होंने प्लांट की व्यवस्था देख ऐलम फिटकरी, क्लोरिन ब्लीचिंग की जानकारी लेकर पर्याप्त भण्डारण के साथ साथ प्लांट में अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्तकर तीनों पाली में नियमित रूप से संचालन हेतु कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती के निर्देश दिये।

# आयुक्त ने कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त की, वसूली बढ़ाने के दिये कड़े निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 सितम्बर।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि माहवार निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध वसूली प्राप्त नही हो पा रही है, सभी कर्मचारी वसूली बढ़ाये अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने पिछड़ा वर्ग सर्वे की भी जानकारी लेकर सर्वे की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के संबंध में उप अभियंताओं एवं राजस्व उपनिरीक्षकों व सहायक राजस्व निरीक्षकों से उनके वार्डवार डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के संबंध मे पुछा कि, अब तक कितने घर का डिमाण्ड तैयार किए कितना शेष है और डिमाण्ड में कितनी वृद्धि हुई। जानकारी आने पर उन्होंने कहा कि नये डिमाण्ड अनुसार पत्रक तैयार करे और करदाताओ को अवगत कराकर बिल देकर भुगतान करावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर शासन द्वारा निर्धारित माहवार लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि राजस्व वसूली से ही वेतन आदि का भुगतान किया जाता है, किन्तु वसूलीकर्ता गंभीरता से वसूली नहीं कर रहे है, जिससे कम वसूली प्राप्त हो रही है। उन्होंने कड़ाई से राजस्व उपनिरीक्षकों व सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि सभी लोग सुबह से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ वसूली करना सुनिश्चित करे, इसके अलावा दूसरी पाली में कार्यालय में उपस्थित रहकर डिमाण्ड तैयार करे व वसूली करे। उन्होंने कहा कि वसूली में लापरवाही पर कडी कार्यवाही की जावेगी। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि, सर्वे कार्य धिमी गति से किया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही न बरते समय-सीमा में सर्वे कार्य पूर्ण करना है, शासन द्वारा समीक्षा की जावेगी, उसके पूर्व वसूली के साथ साथ घर-घर जा कर पिछड़ा वर्ग के लोगो को चिन्हाकिंत कर सर्वे करे। उन्होंने सर्वे में आ रही कठिनाई की जानकारी लेकर राजस्व निरीक्षकों से कहा कि समय समय पर जाकर सर्वे के लिये लोगों को समझाईस देवे और कर्मचारियों की मदद करे। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके,राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन सहित उप अभियंतागण तथा राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

### शहर कांग्रेस ने किया पूर्व सीएम बघेल का स्वागत

**राजनांदगांव 14 सितंबर।** किसान पुत्र जन-जन के हितैषी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का शुक्रवार 13 सितंबर को राजनांदगांव शहर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मोहारा चौक में फुलमालाओं के साथ जोशिला स्वागत किया गया। शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी शुक्रवार 13 सितंबर को राजनांदगांव शहर के मोहारा वार्ड में आयोजित तीज मिलन महोत्सव समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा फुल माला के साथ पूर्व सीएम का जोशिला स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, पार्षद दुलारी साहू, मधुकर वंजारी, विनय झा, शरद पटेल, बबूल कसार, मनीष गौतम, प्रज्ञा गुप्ता, प्रीति वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व वार्डवासी उपस्थित थे।



# सहकारी बैंक की शाखा खुलवाने किसानों ने किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 14 सितंबर।** घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति घुमका के बैनर तले किसानों की सुविधाओं के लिए ग्राम बघेरा में सहकारी बैंक की शाखा खुलवाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किसानों द्वारा किया गया।पूर्व विधायक व अनुसूचित जाति प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल के मार्गदर्शन में व संघर्ष समिति अध्यक्ष रमाकांत साहू कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन करते हुए भाजपा की साय सरकार को जमकर कोसते हुए उन्हें किसान विरोधी कहा। बघेरा बाजार चौक में सैकड़ो किसान एकत्रित हुए सभी ने सहकारी बैंक की शाखा जल्द खुलवाने की मांग की। सभा को सम्बोधित करते हुए भुनेश्वर बघेल ने कहा कि वर्तमान में इस छेत्र के किसानों को 20 द्वद्व की दूरी तय करते हुए घुमका सहकारी बैंक जाना पड़ता है जिससे उन्हें कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है। घुमका सहकारी बैंक में लगभग 15000 खाते हैं जो बघेरा में बैंक होने पर 5000 खाते यहाँ स्थानांतरित हो जाएंगे जिससे किसानों को बड़ी सुविधा मिलेंगी। किसान हितेषी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घुमका में भेट मुलाकात कार्यक्रम में बघेरा में सहकारी बैंक खुलवाने की घोषणा की थी किन्तु भाजपा की सरकार आते ही इस पर कोई अमल नही किया जा रहा। उन्होंने कहा कि हम किसान भाइयों की मांगों को प्रशासन तक पहुचाने के लिए लगातार आवाज उठाते रहेंगे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमाकांत साहू व कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रही है भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा सबके सामने आ रहा है अगर मांग जल्द पूरी नही की गई तो हम किसानों के हितों के लिए सड़क से सदन तक कि लड़ाई के लिए तैयार है। धरना प्रदर्शन के बाद प्रदर्शन कारियो ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर घुमका तहसीलदार सोनित मेरिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

# भाजपा सदस्यता अभियान हेतु विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगांव 14 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर 2 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान को लेकर गुरूवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रागंण में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक सदस्य बनाने सहित निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मुख्य वक्ता दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बैठक का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर प्रागंण में विराजित श्रीगणेश की पूजा अर्चना से हुआ। पश्चात् पूर्व जिपं अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दिनेश गांधी ने सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। उन्होंनें कहा कि हमें गर्व है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी है। इसके सदस्यता अभियान को सभी को गंभीरता से लेना है। उन्होनें कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता सामर्थ्यवान है, वह जो ठान लेता है उसे पूरा करके ही रहता है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक व्यति, वर्ग तथा क्षेत्र तक पहुंचकर सभी को भाजपा का सदस्य बनाने के लिए काम करना है ताकि कोई भी व्यक्ति राष्ट्र विकास के योगदान में पीछे न रह जाये। दुर्ग विधायक श्री यादव ने सर्वप्रथम दायित्वाधीन कार्यकर्ताओं से क्रमवार परिचय प्राप्त किया। पश्चात् कहा कि सदस्यता अभियान की प्राथमिकता को हमे गंभीरता से लेना होगा। पार्टी ने इसे सदस्यता महापर्व का नाम दिया है अतः अन्य त्योहारों की भांति हम इस संगठन महापर्व में भी उत्साह के साथ भाग लेंवे। उन्होंनें कहा कि पार्टी ने इस विधानसभा में 50 हजार का लक्ष्य दिया है, लक्ष्य बड़ा है। परन्तु विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों में 2 सौ कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य हासिल कर लें तो 50 हजार का लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं होगा। उन्होंनें यह भी बताया कि पार्टी से मिले निर्देश अनुसार 50 सदस्य बनाने वाला ही सक्रिय सदस्यता प्राप्त करने का अधिकारी होगा। इसलिए सभी कार्यकर्ता इस प्रयास में रहें कि कम से कम उनके मार्फत से 50 सदस्य अवश्य बनें। उन्होनें कहा कि सदस्यता अभियान पूरी तरह हाईटेक है और मोबाईल के माध्यम से सदस्य बनाना काफी आसान है। इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से अब लगभग 8 हजार सदस्य बन चुके हैं, जो पूरे राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक है। लेकिन अभी हम सबको और मेहनत करने की आवश्यकता है। सदस्यता अभियान हेतु डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र को अलग - अलग सेक्टरो में बांटकर कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं को शक्ति केन्द्रों का प्रभारी बनाया गया। जिन्हें मेनुअल सदस्यता पत्रक का वितरण भी किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जिपं सदस्य जागृति यदु, इन्मुमति साहू, डॉ. निरेन्द्र साहू, दुर्ग के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश दीक्षित, गिरवर साहू, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, अपर्णा तिवारी, निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, दीप्ति ठाकुर, ममता उइके, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, रामाधीन देवांगन, योगेश पटेल, जागेश्वर यादव राजू, डिकेश साहू, सतीश पाण्डेय, टोमन साहू, कोमल साहू, चुन्नी यदु, दिलीप साहू, देवेन्द्र साहू, प्रशांत कोडापे, बिरेन्द्र साहू, गोकुल सिन्हा, अमरोतन साहू, गुलशन हिरवानी, लोकेश यदु, भागवत सिन्हा, जनक साहू, राजू साहू, रामाधार ओझा, हेमलाल वर्मा, भोजराज वर्मा, मनीष साहू, तिमेश साहू, संतोष सोनी सहित बडी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**समाचार संक्षेप**

### लखोली भाजपा शक्ति केन्द्र में सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता



**राजनांदगांव 14 सितंबर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी महामंत्री हकीम खान एवं शक्ति केन्द्र संयोजक अशोकादित्य श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली शक्ति केन्द्र में अभियान के संयोजक संतोष निर्मलकर ने सभी बुथ अध्यक्षों सहित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की और सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर निर्धारित लक्ष्य को पुर्ण करने कहा। पार्टी के आदेशानुसार प्रत्येक कार्यकर्ता को पचास सदस्य बनाने है और एक -एक बुथ में दो सौ सदस्य बनाना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता पदाधिकारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधि बुथ स्तर पर पहुंच कर संवाद स्थापित करके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं । इस अभियान को सफल बनाने मे लखोली शक्ति के बुथ अध्यक्षों डिलेश्वर साहू, संतोष गुप्ता, शत्रुहन साहू, संतोष साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू शिवेंद्र वैष्णव एवं विनोद कुमार कश्यप सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता जुटे हुए हैं ।

### अजाक्स छुरिया अध्यक्ष राजेन्द्र लाड़ेकर ने किया कार्यकारिणी विस्तार




**छुरिया 14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ की ब्लॉक इकाई की बैठक संपन्न हुई. बैठक मे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे।जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र लाड़ेकर जी ने सभी कर्मचारी अधिकारीयो की सहमति लेते हुए निम्नानुसार ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया.। संरक्षक-श्री लालसिंह उइके(मुख्य लिपिक) श्री भूषण वाडेकर,(शैक्षिक समन्वयक),उपाध्यक्ष-श्री कन्हैया टेमरे,व्याख्याता,श्री तेजलाल नाग(स्वास्थ्य विभाग,)श्री एच् एल गजभये व्याख्याता, सचिव-श्री सदाशिव सलामे(प्राचार्य)कोषाध्यक्ष-श्री रामाधीन तारम,सहसचिव-श्री अमरदास बंजारे, संगठन सचिव-श्री तिलक राम खांडे,श्री जोशी जी,महामंत्री-श्री बलराम चंद्रवंशी, श्री गिरधारीलाल सहारे,श्री मनोज रावटे,संगठन मंत्री-श्री कार्तिक राम घृतलहरे ,श्री रमहउ राम चंद्रवंशी,वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य- हीरालाल चंद्रवंशी, राजेश नेताम, उत्तम कुमार बारसागड़े, विजय कुमार ध्रुवे, निलेन्द्र कुमार उइके, टानिस कुंजाम, खिलावन नेताम, नारायण लाल नंदेश्वर, ज्ञानेश्वर जामूलकर, बृजलाल चंद्रवंशी, कौशल भुआर्य, जीवराखन उइके, मिलउ राम बांधे, अश्वन कुमार चतुर्वेदी, हेमलाल सहारे, गजेंद्र चौधरी, महेश सोनबोइर, झनक ठाकुर महिला प्रकोष्ठ- श्रीमती हेमलता भंवर, श्रीमती गौतरहिंन कुंजाम बैठक में श्री शालिक राम कोचेजीऔर श्री गौतम कानडे जी उपस्थित रहे।

### विश्व आदिवासी आधिकार दिवस पर प्रमुख माँगों के निराकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़ 14 सितंबर।** विश्व आदिवासी आधिकार दिवस पर वनांचल क्षेत्र से आए आदिवावासियों ने अपनी प्रमुख माँगो को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के गेट के सामने नारेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री , अध्यक्ष/सचिव जनजाति आयोग के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 13 सितम्बर 2007 को विश्व आदिवासी आधिकर दिवस घोषीत है जिसमें 46 अनुच्छेद है जिसके घोषणा पत्र में आदिवासीयों को अधिकर दिया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगावं जिले की स्थानीय स्तर पर संवैधानीक अधिकर मांग एवं समस्या निम्न मांग छत्तीसगढ़ में 32त्न आदिवासी जनसंख्या है 60त्न क्षेत्रफल पांचवी अनुसूचि में आता है पांचवी अनुसूची में लोहा, कोयला, टीन, बक्साइड जैसे अनेको खनीज एवं वन उपज भी प्रयाप्त है। आदिवासी समाज आजादी के बाद से एवं सन् 2000 में नया राज्य के गठन बाद से आदिवासी समाज आपने संवैधानीक अधिकारो को लेकर संघर्षरत है। अपने अधिकार और प्रताडना के निराकरण के लिए शासन प्रशासन को लगातार आवेदन निवेदन के बाद धरना प्रदर्शन घेराव उपरोक्त अभी तक निराकरण नही हो पाया है। पेशा एक्ट, 32त्न आरक्षण, पांचवी अनुसूची में स्थानीय आरक्षण, विस्थापन, नक्शल समस्या, पुलिस अत्याचार, जमीन की लडाई, भुराजस्व सहीता 165 एवं 170 (ख) के साथ जल जंगल जमीन के लिए अपने अधिकार, गोडी भाषा को आठवी अनुसूची में शामिल किया जाये जैसे तमाम मुद्दो को लेकर शासन प्रशासन से मांग करता रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम बेलगांव विकासखण्ड डोरगरढ़ के टाकेश्वर कवंर की पुलिस प्रशासन एवं स्वस्थ्य विभाग के प्रशासन के द्वारा हत्या की गई है जिसकी जांच स्ढ्डञ्ज की रिपोर्ट भी सामने नहीं आई है एवं दोषीयो पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही कि गई है।

कोई भी सरकार हो ऊपर से नीचे तक हर छोटे-बड़े मामले में कार्रवाई होती रहती है तो ऊपर से नीचे तक डर बना रहता है। कुछ भी गलत किए तो खैर नहीं।यह संदेश मुखिया को समय समय पर देते रहना पड़ता है और गलत क्या है यह मुखिया तक करेगा, आप आदेश का पालन करने वाले हो, सही गलत का फैसला करने वाले नहीं, इसलिए सही-गलत का फैसला मत करना, जज मत बन जाना। जनता ने हमे सेवा करने के लिए चुना है, हम जनता के सेवक हैं तो आप सब भी जनता की सेवा करने के लिए हो, जनता के संबंधित जो भी काम है, उसे सेवा के भाव से करना है। जनता के सामने जनता के सेवक की भाषा भी सेवक की भाषा होनी चाहिए,उसकी शासक की नहीं। सीएम विष्णुदेव साय सौम्य शालीन है तो मान लिया जाता है कि वह आक्रामक नहीं हो सकते लेकिन ऐसा है नहीं वक्त आने पर जितने सौम्य व शालीन है,उतने ही आक्रामक भी हो जाते हैं, खासकर जनता की सेवा से जुड़ी बात हो तो वह सहन नहीं कर पाते हैं कि जिन लोगों का काम जनता की सेवा करना है,वह जनता की सेवा ठीक से नहीं कर रहे हैं। यही वजह है कि उन्होंने कलेक्टरों की बैठक से शुरुआत की है, यानी प्रशासन को ऊपर से कसने का काम किया है।उन्होंने अधिकारियों के जनता व स्कूली छात्राओं से किए गए बुरे व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई है,कहा पुरानी शैली बदलें, सरकार बदल गई है,, पुरानी शैली नहीं चलेगी, पुरानी भाषा नहीं चलेगी।अगर कोई अधिकारी की भाषा संयमित नहीं है, वह जनता का अपमान करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। यदि आप गलती करोगे तो मैं कार्रवाई करूंगा। उन्होंने इस बात के लिए भी नाराजगी जताई कि छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर लोग राजधानी आ जाते हैं। किसी भी सरकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने का काम अधिकारियों का ही होता है इसलिए उनको समय समय पर बताते रहना पड़ता है कि मैं सब देख रहा हूं। पहली बार तो चेतावनी दी जा रही है, अगर नहीं सुधरे

## संपादकीय

# कार्रवाई होती रहती है तो डर भी रहता है...

तो कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टरों को इस बैठक में बता दिया है कि उनको क्या क्या करना है। अगली बार वह क्या करें तो यह सब कामों की कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए।सीएम के रूप में साय ने कलेक्टरों को बता दिया है कि वह क्या चाहते हैं, और उसे कैसे करना है। शासन करने का सही तरीका भी यही है कि पहले ही बता दिया जाए कि वह क्या चाहते हैं, वह जो चाहते हैं, वह सब निश्चित रूप से होना ही चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले ऊपर के अधिकारी को ही टाइट कर दिया जाए ताकि वह नीचे के अधिकारियों को टाइट करें और कोई काम में कोताही न करे, सब काम में कोताही करने से डरें कि अगली बार काम नहीं हुआ तो डांट भी पड़ेगी और कार्रवाई भी होगी। राज्य का मुखिया जब बड़े अधिकारियों से कहता है कि जनता से अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए, जनता से बात करते वक्त भाषा शालीन होनी चाहिए तो जनता को भी जानकर अच्छा लगता है कि हमारा मुखिया हमारा अपमान सहन नहीं करता है। कोई हमारा अपमान करे तो उसे बुरा लगता है। जनता को यह सबसे ज्यादा अच्छा लगता है कि भ्रष्ट लोगों की शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। खासकर रिश्वत लेने वाले अधिकारी व बाबू को जब पकड़ा जाता है तो जनता सबसे ज्यादा खुश होती है क्योंकि यह रिश्वत लेने की हिम्मत ही तब करते हैं जब उनकी शिकायत होने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। कबीरधाम जिले के ब्लाक बोड़ला जनपद पंचायत के लेखापाल को एसीबी ने 1.20 लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है जबकि उसके खिलाफ इतनी शिकायतें थी कि उसके खिलाफ बहुत पहले ही कार्रवाई हो जानी थी। इसका मतलब साफ है कि उसे अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त था। इस बार उसकी शिकायत राजधानी में सुनी गई इसलिए वह पकड़ा गया। पूरे राज्य में हर जगह घूसखोर रहते हैं, जनता को सबसे ज्यादा परेशान यही लोग करते हैं बिना पैसे के कोई काम नहीं करते हैं।जनता घूसखोरों की शिकायत करती है तो वह सुनी जानी चाहिए। जनता राज्य के सारे घूसखोरों को जानती है, इसलिए, जनता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वह घूसखोरों की शिकायत सबूत के साथ करे ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। बोडला के बाद खरसिया में भी एक बाबू को 25 हजार का रिश्वत लेते पकड़ा गया है। सरकार इसी तरह घूसखोरों को पकड़ने का अभियान जारी रखे तो घूसखोरों में डर पैदा होगा और डर पैदा होगा तो ही वह घूसखोरी बंद करेंगे या कम करेंगे।

राहत

ललित गर्ग

# बुढ़ापे का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनाने की सराहनीय पहल



केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को ह्यआयुष्मान भारतह्न योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य कदम है। अपने देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार के छह करोड़ बुजुर्ग इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। इस योजना से हम एक ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सकेंगे। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी जनकल्याणकारी सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पारिवारिक एवं सामाजिक घोर उपेक्षा एवं उदासीनता के कारण बुढ़ापा अपने आप में एक रोग ही बनता गया है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार की नयी पहल का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हुआ तो यह फैसला इस आयुवर्ग के बुजुर्गों की सेहत को लेकर सुरक्षा कवच का काम करेगा। यह जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही थी क्योंकि आने वाले बीस वर्ष में भारत की बुजुर्ग आबादी तीन गुना होने की संभावना है।

नये भारत-विकसित भारत की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण एवं उचित स्वास्थ्य-सेवाओं को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर तो काला दाग है ही, शासन-व्यवस्थाओं के लिये भी लज्जाजनक है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने एवं उनके स्वास्थ्य विषयक खर्चों एवं चिन्ताओं को दूर करने के लिये केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया है, वह सराहनीय एवं प्रासंगिक निर्णय है। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत बहुत पीछे है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का स्वास्थ्य बीमा हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। स्वास्थ्य बीमा को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तहस-नहस एवं असंतुलित कर देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। जब आय के स्रोत



सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग सोचते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उसने वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू किया है। इन योजनाओं को लागू करने की जरूरत इसलिये सामने आयी है कि वृद्धों को आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा, बंधन माना जाने लगा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। अब जब स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाया गया है तो यह उम्मीद की जानी चाहिए कि खर्च को लेकर परिजनों का डर कम होगा। इस योजना का पूरा खाका सामने आना बाकी है। लेकिन यह सुनिश्चित तो करना ही होगा कि बीमा सुरक्षा कवच होने के बावजूद बुजुर्ग मुफ्त उपचार से वंचित न रह जाएं। खास तौर से सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को लेकर निजी अस्पतालों के रवैये को देखते हुए यह चिंता ज्यादा जरूरी हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में औसत आयु 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही औसत आयु में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अन्य रोग भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अनुमान लगाया गया है कि भारत में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र की जो आबादी वर्ष 2011 में 8.6 प्रतिशत थी, वह बढ़कर 2050 तक 19.5 फीसदी हो जाएगी। यह भी अनुमान है कि 2030 तक भारत में स्वास्थ्य देखभाल का 45 प्रतिशत खर्च बुजुर्ग मरीजों पर होगा। ऐसे में बुजुर्गों के सामने अनेक अन्य समस्याओं के साथ नई एवं असाध्य बीमारियों और उनका महंगा इलाज बड़ी समस्या है। ऐसी स्थितियों में अब इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। बहुत संभव है कि इस समय जब कुछ राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तो इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भाजपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणापत्र में किये वायदे को ही आकार दिया है।

वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ निजी व राजकीय अस्पतालों में ले सकते हैं। वहीं सरकार की ओर से बताया गया है कि जो सत्तर साल से अधिक के नागरिक प्राइवेट बीमा योजना या फिर राज्य कर्मचारी बीमा योजना का लाभ ले रहे हैं, वे भी नई योजना का लाभ लेने के अधिकारी होंगे। लेकिन उन्हें इस योजना के लिये आवेदन करना होगा। सरकार ने फिलहाल इस योजना के लिये करीब साढ़े तीन हजार करोड़ का बजट रखा है और आवश्यकता पड़ने पर बजट बढ़ाने की बात कही है।

सरकार ने बजट में स्वास्थ्य के लिए कोटा बढ़ाया है। हालांकि चीन और अमेरिका की तुलना में यह अब भी कम है। मेडिकल सुविधाएं एवं साधन बढ़ाने के साथ यह इंतजाम भी करना होगा कि आम जनता उसका फायदा उठा सके। सरकार का हालिया फैसला इसी दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि योजना को सही ढंग से लागू किया जाए। मुफ्त उपचार से भी बड़ी जरूरत सत्तर साल की उम्र पार वरिष्ठ नागरिकों की नियमित सेहत जांच की है। अस्पतालों की भीड़ में जांच कराना इनके लिए मुश्किल भरा हो सकता है। ऐसे में बुजुर्गों के घर तक मोबाइल स्वास्थ्य जांच सेवा भी इस योजना में लागू हो तो सोने पर सुहागा हो सकता है। सरकार को भविष्य में वृद्धों के लिये अलग से अस्पताल संचालित करने के बारे में भी सोचना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए पद व प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी काम को लेकर कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप बिजनेस में कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा निवेश करने की प्लानिंग कर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है, नहीं तो उनके कुछ नए शत्रु बन सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी चतुर बुद्धि से अपने विरोधियों को आसानी से मात दे सकेंगे। किसी काम में पार्टनरशिप करना अच्छा रहेगा। आपके जीवन में आज नयापन आएगा। विद्यार्थियों को अपनी गलतियों को सुधारने की आवश्यकता है। आपकी सेहत में उतार चढ़ाव बना रहेगा। आपको काम को लेकर कुछ उलझने होने की संभावना है। परिवार में किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन हो सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा सकते हैं। राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की अच्छी पहचान बनेगी, उन्हें कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें धन भी अच्छा खर्च करेंगे। आपकी वाणी व व्यवहार से लोग आपसे मित्रता रखने की चेष्टा करेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि कोई कहासुनी हो, तो वाणी का ध्यान रखें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको नौकरी को लेकर अच्छा ऑफर मिलने की संभावना है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपके मित्र आपके काम में आपका पूरा साथ देंगे। आपके परिवार में किसी मुद्दे को लेकर बातचीत करने की आवश्यकता है। संतान किसी गलत राह पर चल सकती है। आपको उनकी संगति पर विशेष ध्यान देना होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। आपके सहयोगी आपके कामों में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। लेकिन वह आपको प्रभावित नहीं करेगी। किसी काम को लेकर अपने साथी से मदद लेनी पड़ सकती है। आपको किसी पास व दूर की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है। जीवनसाथी आपके बिजनेस में कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपको यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई लेनदेन करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। लेकिन आपको किसी काम के चलते यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आपने अपने कामों में कोई बदलाव किया, तो इसका असर आपके व्यवसाय पर पड़ेगा। आपको कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके किसी पुराने रोग के उभरने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके ऊपर काम का बोझ डाल सकते हैं, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। यदि आपने कोई लोन आदि अप्लाई किया है, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने की संभावना है। आप अपने बिजनेस की किसी खास डील को लेकर लोगों से बातचीत करेंगे। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। संतान को कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है। आपके भाई व बहन आपके कामो में पूरा साथ देंगे। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव सोच विचार कर करें। किसी नए वाहन के खरीदारी करना अच्छा रहेगा, लेकिन आपका खर्च बढेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए सुख व समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। दान पुण्य के कार्यों में भी आपका पूरा ध्यान रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में मधुरता बनी रहेगी। व्यापारियों के लिए कोई बड़ी डील फाइनल होने की संभावना है। आपको किसी की कही सुनी बातों में आने से बचना होगा। आपके कुछ विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ असमंजस भरा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों को लेकर आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आर्थिक समस्याओं के कारण आपके मन में कोई टेंशन रहेगी। बिजनेस में भी आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। आप यदि किसी काम को करें, तो उसमें किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मश्वरा अवश्य करें। यदि किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो उसमें आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। आप किसी परिजन से मुलाकात करने जा सकते है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके खर्चे बढ़ेंगे, जिससे मन परेशान होगा। परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर आप पूरा ध्यान देंगे। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको किसी नई पार्टी की प्राप्ति हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप तरक्की की राह में आगे बढ़ेंगे।

मीन- मीन राशि के जातकों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आपको नौकरी से संबंधित कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। परिवार में छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको काम को लेकर भाग दौड़ अधिक रहेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से राहत मिलेगी और आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी नई संपत्ति की खरीदारी की योजना बना सकते हैं। आपको बिजनेस में कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचना होगा।

व्यंग्य

# भारतीय ट्रैफिक व्यवस्था

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



अरे भइया, हैदराबाद का ट्रैफिक समझो किसी महान पौराणिक कथा से कम नहीं है। मानो कोई महाभारत का युद्ध हो, जहाँ हर योद्धा अपनी गाड़ी लिए सड़कों पर उतर आया है। और हमारे यातायात मंत्रीजी कहते हैं, ₹देखिए, हमारे ट्रैफिक में कितनी प्रगति हो रही है!₹ अब मंत्रीजी से कोई पूछे, भला ये कैसी प्रगति है? यहाँ गाड़ियाँ तो खड़ी रहती हैं, लेकिन प्रगति हमारे खून के दबाव और तनाव में हो रही है। बंजारा हिल्स से लेकर चारमीनार तक जाना, ऐसा लगता है मानो तीर्थ यात्रा पर निकले हों। गाड़ी चलाने वाला बेचारा भक्त और ट्रैफिक सिग्नल भगवान की तरह, जो जब चाहे आशीर्वाद दे दे कि चलो, अब आगे बढ़ सकते हो। अब ट्रैफिक की प्रगति का यही हाल है कि दिन भर चक्कर काटते रहो और कहीं पहुँचने की उम्मीद करना भूल जाओ। सिग्नल पर गाड़ी रोककर, तुम सिर्फ यह सोच सकते हो कि तुम्हारी जिंदगी ने कितनी प्रगति की है—बचपन से अब तक की यात्रा का सारा निचोड़ वहीं बैठकर निकाल लो। और जब ग्रीन लाइट मिलती है, तो लगता है जैसे भगवान का वरदान मिला हो। वैसे भी, हमारे देश में ट्रैफिक का सिस्टम है ही ऐसा कि सड़क पर चलने वाला हर इंसान कुछ नया सीखता है। जैसे कि धैर्य, सहनशीलता, और दूसरों की गलतियों को माफ करने की कला। अब देखो, जब ट्रैफिक नहीं था, तब जीवन भी सरल था। लोग पैदल चलते थे, बिना किसी जल्दबाजी के। अब गाड़ियाँ हैं, तो सबको जल्दी है, मगर मंजिल पर पहुँचना वही पुराना सपना है। तब भी हम परेशान थे, अब भी हैं। पहले बस पैदल चलने से पसीने छूटते थे, अब गाड़ी में बैठे-बैठे मानसिक पसीना छूटता है। पहले ट्रैफिक की समस्या नहीं थी, परंतु पहुँचने का कोई भरोसा भी नहीं था। अब ट्रैफिक है, और पहुँचने का तो भगवान ही मालिक है। ट्रैफिक का अनुभव एकदम किसी संग्राम से कम नहीं होता। हर दिशा से गाड़ियाँ ऐसे दौड़ती हैं जैसे कोई युद्ध रथ हो। स्कूटर वाला हो, कार वाला हो, या फिर बस ड्राइवर—सबको बस एक ही मंजिल दिखती है, आगे निकलना। बस ड्राइवर तो ऐसे गाड़ी चलाता है जैसे मानो किसी हॉलीवुड फि ल्म की शूटिंग हो रही हो, ₹फास्ट एंड फ्यूरियस₹ का कोई नया पार्ट तैयार हो रहा हो। और स्कूटर वाले, भगवान माफ करे, वो तो जैसे भीड़ में पानी की तरह बहते रहते हैं, बिना देखे बिना सोचे। अबे भाई, एक बार इधर भी देख लो, कहीं से कोई ट्रक आकर तुझे साइड न कर दे! पर नहीं, उनका काम तो है बस भागना, जैसे जिन्दगी की दौड़ यही ट्रैफिक के जाम में जीतनी हो। एक दिन तुमने सोचा कि चलो, ससुराल चलते हैं। वहाँ जाकर आराम मिलेगा, बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा, और हो सकता है कि खाना भी अच्छा मिल जाए। लेकिन ये ससुराल पहुँचना कोई आसान काम नहीं है। तुमने महीनों पहले गाड़ी का मेंटेनेंस कराया, सही वक्त पर निकले, पर ट्रैफिक सिग्नल पर आकर सब उम्मीदें खत्म हो जाती हैं। सिग्नल का रंग लाल होते ही दिल में आग लग जाती है। और हरा होते ही वो आग बुझने के बजाय और धधक उठती है क्योंकि अगला सिग्नल दो मिनट की दूरी पर फिर से लाल हो जाता है। ये ट्रैफिक सिस्टम भी एकदम ससुराल जैसा है, बड़े आराम से मंजिल पर पहुँचने का सपना दिखाता है, लेकिन छोटा-छोटा आराम मिलता है, जैसे चाय का कप या चुटकी भर नमक! ट्रैफिक में फंसे हुए आदमी की दशा वही होती है जैसे कोई शादीशुदा आदमी ब्यूटी पार्लर के बाहर इंतजार कर रहा हो। अंदर जाने का ना टाइम, ना हिम्मत। और अगर तुम्हारे पास आरक्षण नहीं है, तो समझो तुम्हारी किस्मत भगवान भरोसे है। अब मान लो कि तुम बिना आरक्षण के किसी ट्रेन में चढ़ गए हो, और ट्रेन में भीड़, धक्का-मुक्की, गाली-गलौज सबका सामना कर रहे हो। ट्रैफिक में भी वैसा ही है। ट्रैफिक पुलिसवाला एकदम टीटी की तरह, बीच सड़क पर खड़ा होकर इशारे करता रहता है। कभी-कभी लगता है कि वह सिर्फ दिखाने के लिए है। असली ताकत तो गाड़ियों की उस भीड़ में है, जो अपनी मर्जी से चलती हैं। अब एक और मजेदार बात सुनो। ट्रैफिक में फंसे आदमी दर्शन अद्भुत होता है। जैसे मनीषियों ने कहा था कि जीवन की अंतिम यात्रा में इंसान खाली हाथ जाता है, वैसे ही ट्रैफिक में भी आदमी धीरे-धीरे सब कुछ छोड़ने लगता है—अपनी उम्मीदें, अपनी शांति, और अंत में अपनी गाड़ी के हार्न की आवाज भी। जब आप एक जगह फंसे होते हो, तो सोचने लगते हो, ₹अरे, क्या यही है मेरी जिंदगी? इस ट्रैफिक से बाहर निकलना क्या कभी संभव है?₹ और जब गाड़ी थोड़ा-सा आगे बढ़ती है, तो लगता है कि जैसे नया जीवन मिला हो।

मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# डॉक्टरों झुकने को नहीं तैयार - 'सुप्रीम' आदेश मानने से इंकार!



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक को यौन हिंसा के बाद हुई हत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर डॉक्टरों का आंदोलन स्ट्राइक पर है उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मंगलवार शाम तक काम पर वापस लौटने के निर्देश को भी नही माना है और उनकी हडताल जारी रही। यह बात सही है कि आरजी कर कालिज की दिल दहला देने वाले बर्बर क्रूर, वीभत्स और हैवानियपूर्ण घटना का विरोध होना ही चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सकें। पूरा देश इस दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना से विचलित है और अपने-अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है। ऐसे में अपने एक साथ के साथ हुई ऐसी दरिंदगी के बाद डॉक्टरों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है, उनकी न्याय की मांग भी उचित है, लेकिन उनके आंदोलन के कारण गरीब तबके के लोगों को कितनी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इस को भी ध्यान में रखना बेहद जरूरी है । हमें इस तथ्य को भी भूलना नहीं चाहिए कि डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है। उनको यह दर्जा इसलिए मिला है, क्योंकि ईश्वर के बाद अगर किसी व्यक्ति को जिंदगी देता है तो वह डॉक्टर ही है। अमीर हो या गरीब डॉक्टर अपने प्रयासों से लोगों की जिंदगी में नया सवेरा लाते हैं।सही अर्थों में भगवान प्रत्यक्ष स्वयं अगर आते हैं तो वह धरती पर डाक्टर के रूप में ही सहज उपलब्ध हैं लेकिन युवती प्रशिक्षु डॉक्टर की रेप मर्डर की वीभत्स घटना के विरोध में पिछले 30 दिनों से डॉक्टर आंदोलन पर है और उनके आंदोलन के कारण गरीच तबके के लोगों को काफी दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सही इलाज के अभाव में उनकी जान भी जा रही है। संभवत यही कारण है कि देश के सबसे बड़ी आदालत ने डॉक्टरों को काम पर लौटने का आदेश दिया है। प्रशिक्षु चिकित्सक दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया है और कहा कि उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाए। साथ ही शीर्ष न्यायालय ने चेतावनी दी कि अगर वे लगातार काम से दूर रहते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याद सम दिलाया कि उसने डॉक्टरों के काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है और टिप्पणी की है कि अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटते हैं तो हम राज्य सरकार को कार्रवाई करने से नहीं रोक सकते हैं। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से अपना आंदोलन खत्म करने की अपील की थी, लेकिन कोई सख्त निर्देश नहीं दिया था। है मगर सोमवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि सभी जानते हैं कि वास्तविक स्थिति क्या है, लेकिन डॉक्टरों को काम पर वापस जाना होगा। उन्होंने याद दिलाया कि डॉक्टरों का मुख्य काम इलाज करना है। कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए निर्देश दिये हैं।

न सिर्फ कोलकाता बल्कि विभिन्न जिला अस्पतालों में भी जूनियर डॉक्टर खतरे में हैं। वे पर्याप्त सुरक्षा है के बिना काम नहीं कर सकते। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने राज्य से कहा कि आपको डॉक्टरों की सुरक्षा निक्षति करनी होगी इसके साथ ही आपको है ध्यान रखना होगा कि उनका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि आरजी कर अस्पताल मामले में न्याय की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के कारण पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं महीने भर से अधिक समय से बाधित हैं। स्वास्थ्य सेवाएं बूरी तरह से चरमरा गयी है और अभी तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। समाज का गरीब और हाशिए पर रहने वाला वर्ग इससे काफी प्रभावित हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक बार फिर से राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी डॉक्टरों से अपील को है है कि वे काम पर लौट आएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि वह जूनियर डॉक्टरों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा है सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन डॉक्टरों को पालन करना चाहिए। अगर डॉक्टरों कुछ कहना है और उनकी कुछ मांगें हैं, तो वह पांच-10 लोगों का प्रतिनिधिमंडल लेकर उनसे बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने माटीगाड़ा में हुए बलात्कार के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस ने एक साल के भीतर दोषी को फांसी की सजा सुनिश्चित की है। राज्य सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए विधानसभा में नया विधेयक पास किया है। हालांकि इस बीच डॉक्टरों का तर्क है कि एक माह से ज्यादा समय बीत गया है और जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। आखिर पीड़िता को न्याय कब मिलेगा ? उनके अनुसार वे काम बंद नहीं करना चाहते, लेकिन जब तक न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वे अपने आंदोलन को चलाना चाहते हैं। आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर ने मिलकर एक टेलीमेडिसिन सेवा 'अभय क्लीनिक' शुरू किया है जिसके माध्यम से उन्होंने मरीजों की देखभाल शुरू कर दी गई है। जूनियर डॉक्टर की अनुपस्थिति में उनके वरिष्ठ समकक्ष और प्रोफेसर बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) के साथ-साथ अन्य विभागों में मरीजों को देख रहे हैं। वे नहीं चाहते कि हमारे काम बंद करने से गरीब मरीजों को परेशानी हो। लेकिन मांगें स्पष्ट हैं, आप हमें न्याय दें और हम काम पर लौट आएंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस मामले की गुत्थी नहीं सुलझी है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था और इस घटना के आज पूरे एक महीने हो गए है। सीबीआई भी अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं गा पहुंच चुकी है। मगर डॉक्टरों को समझना होगा कि इस मामले की जांर्चा अब राज्य सरकार के हाथ में नहीं है। देश की सबसे बड़ी एजेंसी सीबीआई कर रही है। दूसरी सबसे बड़ी बात यह है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की निगरानी कर रही है। इसलिए उनको देश की सबसे बड़ी अदालत पर विश्वास करना चाहिए। इसलिए सही तो यही होगा कि डॉक्टर वापस काम पर लौट जाएं। जहां तक न्याय की मांग है तो ये काम को जारी रखते हुए भी दूसरे तरीके से आंदोलन कर सकते हैं। ऐसे समय चक्र में जब गरीब व कमजोर वर्ग के मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा वि उपलब्ध कराना अपने आप में एक चुनौती है, अक्रोशित डॉक्टरों की हड़ताल वि उनकी पीड़ा को ही बढ़ाती है। आंदोलन के कारण लोगों का जीवन संकट में नहीं पड़ना चाहिए। ऐसे में गरीब, असहाय और समाज के कमजोर वर्ग को ध्यान में रखते हुए उनका इलाज शुरू कर देना चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में चिकित्सा के अभाव में किसी भी मरीज की मौत नहीं हो।यह इंसानियत का भी तकाजा है। अदालत ने शुक्रवार शाम 5 बजे तक जूनियर डॉक्टरों को काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया था ।आरजी कर अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म करने के लिए पांच मांगें रखीं हैं. डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी ये पांच मांगें नहीं मानी जाएंगी, वे हड़ताल जारी रखेंगे. इन पांच मांगों में बंगाल के स्वास्थ्य सचिव और कोलकाता पुलिस चीफ का इस्तीफा भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, बंगाल सरकार ने छात्रों को ईमेल भेजकर बातचीत करने के लिए कहा है. ममता बनर्जी ने 10 प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया था जिसे आंदोलनकारी डाक्टरों ने अस्वीकार कर दिया है। .डॉक्टरों का कहना है कि घटना के 30 दिन बाद भी राज्य सरकार ने आंदोलन की मुख्य मांगों को लेकर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है. सारा दोष सीबीआई जांच पर मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं. पुलिस की लापरवाही या स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है.

## एक नजर

### विश्वकर्मा जयंती के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**बचेली 14 सितंबर।** दंतेवाड़ा जिला में इस वर्ष औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। भारी बारीश के कारण बैलाडीला क्षेत्र में सड़कों, नालों इत्यादि का बहुत नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एनएमडीसी का खनन क्षेत्र भी इससे अछूता नही रहा है। एनएमडीसी के बचेली खनन क्षेत्र में भी भारी बारिश के चलते बहुत नुकसान हुआ है। जगह-जगह लैंड स्लाइड के चलते खनन क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्ध हुआ है। अभी भी बहुत सी जगहों पर चट्टान एवं मिट्टी के ढीला होने के कारण अभी भी लैंड स्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। इसके अतिरिक्त भारी धुंध के कारण भी खनन क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। अभी भी इस क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है। इन खतरों को मद्देनजर रखते हुये आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु *विश्वकर्मा जयंती (17.09.2024) के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया है। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश के पालन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

### जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हुए 256 आवेदन

**कांकेर, 14 सितम्बर।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निबटारा करने के उद्देश्य से जिले में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आज चारामा विकासखंड की ग्राम पंचायत आंवरी में जिला प्रशासन द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को सुना गया। शिविर स्थल में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने यथासंभव निराकरण किया। इस अवसर पर आवेदकों से कुल प्राप्त 256 हुए, जिनमें से सर्वाधिक 159 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को, समाज कल्याण विभाग को 16, खाद्य विभाग को 11 आवेदन मिले। इनमें से 57 का निबटारा मौके पर किया गया तथा शेष का निराकरण निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को दी गई। शिविर में उपस्थित अतिरिक्त कलेक्टर श्री एस. अहिरवार ने ग्रामीणों से मिले आवेदनों को सिलसिलेवार अग्रेषित कर यथासंभव निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। शिविर में मछलीपालन विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को मत्स्याखेट जाल वितरण योजना के तहत ग्राम कंडेल की श्रीमती गूंजा सिन्हा, प्यारी बाई भूआर्य, ग्राम कसावाही के श्री बंशीलाल नेताम और अर्जुन हिड़को को मछली जाल वितरित किया गया। इसी तरह 07 बुजुर्गों को समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क छड़ी वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत चारामा के सदस्य श्री सत्कार पटेल, श्रीमती अमिता बंजारे और स्थानीय सरपंच श्रीमती मनय गावड़े सहित जनप्रतिनिधिगण और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आठ लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 14 सितम्बर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने के 02 प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार चारामा तहसील के ग्राम उड़कुड़ा के 08 वर्षीय दीपेंद्र सिन्हा की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता श्री दिशम और श्रीमती पुनम बाई को चार लाख रूपये और नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम रिसेवाडा निवासी 50 वर्षीया श्रीमती कमली बाई की नदी में डूबने से मौत होने उनके आश्रित रविलाल को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की अनंतिम मेरिट सूची जारी

**रायगढ़, 14 सितम्बर।** रायगढ़ जिले में फार्मासिस्ट ग्रेड-02, ड्रेसर ग्रेड-1, ड्रेसर ग्रेड-2, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पुरूष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पुरूष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, महिला एवं डार्करूम असिस्टेंट के पद पर भर्ती किए जाने हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदन पत्रों की दावा-आपत्ति उपरांत अनंतिम मेरिट सूची जारी किया गया है। उक्त अनंतिम मेरिट सूची के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है एवं जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में अपलोड किया गया है। विस्तृत जानकारी हेतु उक्त वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है।



**दंतेवाड़ा 14 सितंबर।** पोंदुम गांव से 1 सितंबर को अपहरण हुए 6 माह के नवजात बच्चे का सुराग 14 दिन बाद भी नहीं मिलने से आक्रोषित आदिवासी समाज में आज मेंढका डोबरा मैदान में सैंकड़ों की संख्या में एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ लामबंद होकर खिलाफत की। रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंच राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। विरोध में आज दंतेवाड़ा, गीदम की समस्त प्रतिष्ठाने बंद रही।

# बच्चे का अपहरण, विरोध में आदिवासी समाज का दंतेवाड़ा बंद

## पखवाड़े भर बाद भी पुलिस के हाथ खाली, अपहरणकर्ता व बच्चे का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 14 सितंबर।** कोया समाज के एक परिवार के नवजात बच्चे की अपहरण की घटना को लेकर आज दंतेवाड़ा जिला बंद है। घटना के 14 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक बच्चे का तथा अपहरणकर्ताओं का कोई सूराग या जानकारी नहीं मिलने से आक्रोशित दंतेवाड़ा जिले के कोया कुटमा समाज के बैनर तले 18 मूल बस्तरिया समाज, सर्व आदिवासी द्वारा आज पुलिस प्रशासन के नाकामी के खिलाफ दंतेवाड़ा जिला बंद कराया गया है। 12 सितंबर को दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने अपहरणकर्ताओं की सूचना देने वालों को 10 हजार रूपए इनाम देने की घोषणा भी किया था बावजूद अब तक अपराधी पुलिस के पकड़ से कोसों दूर हैं। गौरतलब है कि बीते 1 सितंबर को पोंदुम के बाजारपारा से बच्चे की अपहरण की घटना घटित हुई थी। बाईक में आए दो अज्ञात सवार अपहरणकर्ता युवक घर के बाहर बरामदें के झुले में सो रहे 6 माह के नवजात बच्चे को उठाकर फरार हो गए थे। जिसके बाद से ही कई जिलों की पुलिस अपहरणकर्ताओं को पकड़ने की तमाम कोशिशों में लगी हुई लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक न बच्चे का कोई पता लग पाया है न ही अपहरणकर्ताओं के बारे में कोई जानकारी हाथ लगी है । जिससे आकोशित आदिवासी समाज ने पुलिस प्रशासन के विरोध में मोर्चा खोल दिया है और आज संपूर्ण दंतेवाड़ा जिला बंद बुलाया है। बंद की सूचना कल शाम एलाउंसमेंट के जरिए व्यापारी बंधुओं को दे दी गई थी। आज सुबह से ही मार्केट में तालाबंदी है। दुकानों के शटर डाउन हैं। आवश्यक चीजों को छोडकर करीब करीब सभी प्रतिष्ठानें बंद हैं जिससे आम लोगों को थोड़ी परेशानी भी हो रही है। वहीं अधिकतर लोगों ने आज के बंद का समर्थन किया है। 18 मूल बस्तरिया समाज दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण कर्मा ने बताया कि 1 सितंबर की शाम करीब 3 बजे बच्चे का अपहरण हुआ 4 बजे सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई थी उसके बावजूद भी पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को घेराबंदी कर पकड़ने में कोई रूचि नहीं दिखाई और एफआईआर दूसरे दिन सुबह 10 बजे दर्ज की गई। पुलिस प्रशासन आज पखवाड़े भर बीत जाने के बाद भी इस मामले में एक परसेंट भी उपलब्धि हासिल नहीं कर पाया है जिससे आदिवासी समाज उद्वेलित है । हमारी मांग है कि अपराधी को पुलिस जल्द से जल्द पकड़कर उसे जेल भेजे एवं बच्चे की बरामदगी कर माता पिता को सौंपा जाए। श्री कर्मा ने कहा कि बाहरी लोग जिस तरह से यहां घुसपैठ कर अनाधिकृत रूप से आधार कार्ड, निवास पत्र, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम कर रहे हैं उसकी जांच कोई जिम्मेदार विभाग नहीं कर रहा। 2005 के बाद यहां आए समस्त घुमंतु कथित व्यापारियों की जांच होनी चाहिए। पुलिस के पास ऐसे लोगों की कोई सूची नहीं है यह चिंता का विषय है। हमारी मांग है कि पुलिस बाहर से व्यापार करने के नाम पर आकर यहां बसे लोगों की पूरी जांच करे और उनका पूरा बायोडाटा पुलिस प्रशासन अपने पास रखे जिससे अपराधों पर भी कमी आएगी और घटना के बाद भी पुलिस को जांच में सहयोग मिलेगा। श्री कर्मा ने कहा कि आज दो बजे मेंढका डोबरा मैदान में समाज के सभी लोग उपस्थित होंगे जहां से एक रैली निकालकर कलेक्ट्रेट जाएंगे जहां महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मामले में आगे समाज की क्या रणनीति होगी इस पर आज शाम समाज के सभी प्रबुद्धजन बैठकर गहन चिंतन मनन करेंगे।

# राहुल शर्मा ने संतूर वादन से कश्मीर के पहाड़ी संगीत की बिखेरी महक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 सितम्बर।** दस दिवसीय आयोजित चक्रधर समारोह की 6 वीं संगीत संध्या में मुम्बई से आये श्री राहुल शर्मा ने संतूर के सुर के जरिए कश्मीर के पहाड़ी संगीत से कला प्रेमियों को रूबरू करवाया। इसी तरह भिलाई के डॉ.जी रथीस बाबू के भरतनाट्यम और कुचीपुड़ी पर आधारित खूबसूरत भावभंगिमा और कलाकारी की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह की अगली प्रस्तुति में तबला वादक श्री अंशुल प्रताप सिंह ने अपने तबले की थाप से संगीत की इस सुरमयी शाम को गूंजायमान कर दिया। वहीं रायगढ़ की बेटी सुश्री दीक्षा घोष और उनकी टीम द्वारा माता रानी के रौद्र रूप और नारी शक्ति को भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान रायपुर से आयी सुश्री अन्विता विश्वकर्मा के द्वारा गणपति जगवंदन पर नृत्य और भाव की बहुत ही सुंदर और सुमधुर कत्थक की प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं का मन मोहा। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति के इंद्रधनुष का किया जीवंत



प्रदर्शन किया।

समारोह के दौरान पहली प्रस्तुति में भोपाल के प्रसिद्ध तबला वादक श्री अंशुल प्रताप सिंह ने अपने तबले की थाप से संगीत की इस सुरमयी शाम को गूंजायमान कर दिया। उन्होंने कैलाश पर्वत पर भगवान शिव के तांडव नृत्य को तबले की थाप से अभिव्यक्त किया। श्री अंशुल ने अपने दादा श्री हरिश्चंद्र सिंह और पिता ठाकुर उदय प्रताप सिंह से तबले की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में वे अपने गुरु श्री संजय सहाय से तबला वादन का विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। श्री अंशुल ने सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड सहित देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने ताज महोत्सव, खुजराहो महोत्सव सहित विभिन्न समारोह एवं अवसरों पर अपने तबला वादन से कला प्रेमियों को संबोधित किया। उन्होंने मोहन वीणा वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट, बांसुरी वादक श्री हरिप्रसाद चौरसिया जैसे विश्व विख्यात कलाकारों के साथ तबले पर संगत किया। देश के प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के पुत्र श्री राहुल शर्मा, मुम्बई ने चक्रधर समारोह में रायगढ़ की धरती को संगीत के सुरों में सराबोर कर दिया। संतूर के सुर के जरिए उन्होंने कश्मीर के पहाड़ी संगीत से कला प्रेमियों को रूबरू करवाया। श्री राहुल शर्मा ने अपने पिता श्री शिव कुमार शर्मा से संतूर सीखा। श्री शर्मा ने एडिनबर्ग फेस्टिवल सहित देश-विदेश के तमाम कल मंचों पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में भी अपने संगीत से रूबरू कराया। श्री राहुल विश्व विख्यात तबला वादक श्री जाकिर हुसैन के साथ संतूर का संगत कर चुके हैं। संतूर एक तन्त्री वाद्य यंत्र है। इसका भारतीय नाम 'शततंत्री वीणा' यानी सौ तारों वाली वीणा है जिसे बाद में फारसी भाषा से संतूर नाम मिला। संतूर मूल रूप से कश्मीर का लोक वाद्य यंत्र है और इसे सूफी संगीत में इस्तेमाल किया जाता था। इसे विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने का श्रेय पंडित शिवकुमार शर्मा को जाता है।

रायपुर की नन्ही कलाकार सुश्री अन्विता विश्वकर्मा ने पूरे चक्रधर समारोह में यश की चांदनी बिखेरी। सुश्री अन्विता विश्वकर्मा ने गणपति जगवंदन पर नृत्य और भाव की बहुत ही सुंदर और सुमधुर कत्थक की प्रस्तुति दी जिसने सभी श्रोताओं का मन मोहा। सुश्री अन्विता विश्वकर्मा मात्र तीन वर्ष की उम्र से नृत्य कला से जुड़ गई थी। वर्तमान में वे लखनऊ घराने के कत्थक नृत्य में निपूर्ण हो चुकी है। वे श्री अंजनी ठाकुर की शिष्या है। सुश्री अन्विता विश्वकर्मा अपने दादा श्री आर.एस.विश्वकर्मा जैसा आईएएस ऑफिसर बनना चाहती है। रायगढ़ की बेटी सुश्री दीक्षा घोष और उनकी टीम द्वारा आज माता रानी के रौद्र रूप और नारी शक्ति को भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सुश्री दीक्षा घोष रायगढ़ में भरतनाट्यम की नृत्य शिक्षिका है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के रविन्द्र भारतीय विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है।

# हैदराबाद में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का जादू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 14 सितंबर ।** सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) हैदराबाद में नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत शिक्षा में पुतली कला की भूमिका विषय पर 15 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमे छग, झारखण्ड, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों के प्राथमिक शिक्षक सहभागी है। सत्र के तृतीय दिवस छग की टीम ने छग प्रदेश की संस्कृति, परम्परा, पर्यटन, बस्तर दशहरा, तीज-त्यौहार, खान-पान, वेशभूषा और लोक गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गई। प्रदर्शनी में ठेठरी, खुरमी, अइरसा, खाजा, बताशा, लाई, करी लाडू, तीली लाडू, कटवा आदि पकवान तथा अक्ति पुतरी पुतरा बिहाव, पोरा - जांता, गेंड़ी, नयाखानी, भोजली, मांगरोहन, सीक, पिल्ली, करसा, पर्रा, टुकनी, सूपा, झेझरी, मउहा पान अउ पतरी, मंड़वा आदि की प्रदर्शनी लगाई। जिसका विभिन्न राज्यों से आये हुए प्रतिनिधियों ने देखकर छग की संस्कृति को करीब से जाना और प्रदर्शन भूरी - भूरी प्रशंसा की। इस दौरान छग राजगीत, सुआ, पंथी, राऊत नाचा, बस्तारिया गीत आदि की रंगारंग प्रस्तुति दी गई सीसीआरटी सेंटर हैदराबाद के डाइरेक्टर चंद्रशेखर, कार्यशाला के कोर्डिनेटर सौंदर्या कौशिक, प्रवीण ने छग की टीम को शानदार प्रस्तुति के लिए बधाई दी। छग की टीम में अमित प्रजापति (बालोद), नीलमणी साहू (जगदलपुर), नानू यादव (रायगढ़), रंजीता राज (सक्ति), हिरोंदा कोर्राम (कांकेर), कविता कोरी (बिलासपुर), पद्मजा गुप्ता(गरियाबंद), श्रद्धा शर्मा (रायपुर) सम्मिलित है। कार्यशाला में पुतली कला, डांस, ड्रामा, कहानी, ड्राइंग, पेंटिग, संगीत आदि की नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जोड़ते हुए सार्वगीण शिक्षा प्रदान करने देश भर के शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पंजीयन के लिए तिथि निर्धारित

**रायगढ़, 14 सितम्बर।** रायगढ़ जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एंव आईटीआई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 से उच्चतर)के पंजीयन/आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईड पर ऑनलाईन की जा रही है।

# जिले में पशुधन विकास विभाग का हाल बेहाल

**दंतेवाड़ा 14 सितंबर।** जिले में पशुधन विकास विभाग का हाल बेहाल नजर आ रहा है जिले के किसी भी शासकीय पशु अस्पताल में जीवन रक्षक दवा पिछले 6 माह से उपकध नही है जिसके चलते गरीब कमजोर किसानों के बेजुबा बीमार पशु बेमौत मर रहे है। जबकि जीवन रक्षक दवा हर वर्ष मार्च माह में शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध करा दी जाती थी। मगर अफसोस है की 6 माह बीत जाने के बाद भी दवा जिले के अस्पतालों के नही आई जिसके चलते जिले में पशु पालक किसान शासन तथा संबंधित विभाग को लेकर बेहद नाराजगी व्याप्त है। गो पालक संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने प्रेस नोट जारी करते हुवे बताया की 2 माह पूर्व इस संबंध में कलेक्टर दंतेवाड़ा से भेट कर जिले में पशु अस्पतालो में दवा नही होने की शिकायत की थी जिस पर कलेक्टर दंतेवाड़ा ने पशुधन विकास विभाग को तलब किया तथा तत्काल दवा उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया ।कलेक्टर के नाराजगी के बाद पशुधन विकास विभाग द्वारा नाम मात्र की दवा गीदम अस्पताल को भेजी जो एक सप्ताह भी नही चल पाई और खत्म हों गई। ज्ञात रहे की दवा के आभाव के चलते दंतेवाड़ा जिले में पशु अस्पतालो की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है जिसके चलते किसानों में अपने पशुओं के स्वास्थ्य और उनकी जान की रक्षा को लेकर गहरी नाराजगी है किसानो की नाराजगी न्याय संगत भी है। दवा के आभाव में बेजुबान दुधारू पशुओं की मौत पशु पालक किसान के आर्थिक ढांचे की झझोड़कर रख देता ऐसे में अस्पतालों में कोई भी जीवन रक्षक दवा तो दवा रुई पट्टी तक न होना गंभीर चिंता का विषय तो है। गो पालक संघ के अध्यक्ष ने चेतावनी दी है की बार बार निवेदन के बाद भी विभाग के जबाबदारो के कानो में जू तक नही रेंग रही है। ऐसे में संघ ने तय किया है की 7 दिनो में अगर जिले के अस्पतालो की चरमराई व्यवस्था दुरस्त नही हुई और दवा का आभाव पर त्वरित कार्यवाही नही की गई तो गो पालक किसान संघ बेजुबान जानवरो के जीवन से हो रहे खिलवाड़ को लेकर उग्र आंदोलन छेड़ते हुवे जिला कार्यालय के सामने धरना दिया जायेगा।



## वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान

# वन परिक्षेत्र भानपुरी में अभियान चलाकर किया जा रहा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त

जगदलपुर14 सितंबर । वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर वन भूमि को मुक्त किया जा रहा है। निर्देशानुसार वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक श्री आर.सी.दुग्गा के मार्गदर्शन एवं वनमण्डलाधिकारी बस्तर श्री उत्तम गुप्ता के निर्देशन में उडन्दस्ता, समस्त स्टॉफ ने वन परिक्षेत्र भानपुरी के अन्तर्गत अतिक्रमण की शिकायत के जाँच के लिए राज्य स्तरीय उडन्दस्ता टीम एवं वृत्त स्तरीय उडन्दस्ता टीम के द्वारा कार्यवाही किया गया।

राज्य स्तरीय उडन् दस्ता टीम रायपुर के द्वारा चपका पी.एफ. 1077 नया 86 में तीन व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई उनके की गई कार्यवाही के तहत उनके पास से 8 बंडल 110 र.मी. चैन लिंक एवं 73 नग बांस के फेंसिंग खुंटा जप्त किया गया। जिसमें ग्राम सोनारपाल से श्री विकास देवांगन द्वारा 0.226 हेक्टेयर में मिर्ची की खड़ी फसल जप्त कर उनके विरूद्ध वन अपराध कायम किया गया। ग्राम छेडीपारा सोनारपाल से श्री राजू द्वारा 0.450 हेक्टेयर में धान की खड़ी फसल जप्त कर और ग्राम-चपका से श्री तुलसी 0.050 हे. धान की खड़ी फसल जप्त कर उनके विरूद्ध वन अपराध कायम किया गया।



इसी तरह वृत्त स्तरीय उडन् दस्ता टीम जगदलपुर के द्वारा ग्राम मुरकुची नया 64 में 20 अतिक्रामकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 9.791 हेक्टेयर रकबा में मक्का एवं उड़द के खड़ी फसल जप्त किया गया है। उनके 10 बंडल फेंसिंग तार एवं 300 नग फेंसिंग खुंटा मौके से जप्त किया गया। जिसमें ग्राम-मुरकुची से श्री डमरू द्वारा 0.733 हेक्टेयर. मक्का खड़ी फसल, श्री फूलसिंग द्वारा 2.211 हेक्टेयर. बारवेड वायर 45 कि.ग्रा., फेंसिंग 3 क्विंटल., खड़ी फसल मक्का, उड़द जप्त कर ,श्री सुरेश द्वारा 2.753 हे. बारवेड वायर 60 कि.ग्रा., मिश्रित फेंसिंग 4.50 कि.ग्रा., खड़ी फसल मक्का, श्री केलूराम एवं अन्य 05 व्यक्ति 2.622 हेक्टेयर, बारवेड वायर 70 कि.ग्रा. मिश्रित जलाऊ 4 क्विंटल, खड़ी फसल मक्का जप्त कर, श्री रूपनाथ अन्य 03 व्यक्ति .572 हेक्टेयर बारवेड बायर 25 कि.ग्रा. मिश्रित जलाऊ फेंसिंग 2 क्विंटल, खड़ी फसल मक्का, उड़द जप्त कर उनके विरुद्ध वन अपराध कायम किया गया। समस्त प्रकरणों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### किरन्दुल शहर में आधी रात झगड़ा, गिरफ्तार



**बचेली 14 सितंबर।** अनावेदक नटराज दास पिता लैन दास उम्र 26 निवासी 04 नंबर कोड़ेनार किरन्दुल तथा अंकज कुमार पिता स्व. सत्येन्द्र सिंह उम्म्र 21 वर्ष निवासी बंगाली कैंप किरन्दुल, दिनांक 12/09/2024 की रात्रि करीबन 11.45 बजे व्होरा कैप वार्ड क्रमांक 04 में घूमते हुए किसी घर का दरवाजा खटखटा रहे थे जिसे सुनकर आसपास के लोगों द्वारा अनावेदक से यहां पर रात्रि में घूमने व दरवाजा क्यों खटखटा रहे हो पूछने पर तुम लोग कौन होते पूछने वाले कहकर लड़ाई झगड़ा करने लगा रात्रि में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना मिलने पर मौके पर थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद साहू, सउनि उत्तम कुमार ध्रुव व स्टाफ पहुंचे तो लोगों का भीड़ इकट्ठा हुआ था अनावेदकगणों को लोगों व पुलिस पार्टी के समझाने पर मानने सुनने को तैयार नहीं हो रहे थे व और अधिक उग्र होकर गवाहों के साथ मारपीट पर उतारू हो रहे थे। जिससे अनावेदक द्वारा निश्चय ही संज्ञेय अपराध कारित कर ही देता, लिहाजा पुलिस के पास अन्य कोई विकल्प नही होने से अनावेदकगणों को मौके पर अनावेदक को धारा-170 बी.एन.एस.एस. के तहत् गिरफ्तार किया जाकर शांति व्यवस्था बनाये रखने धारा-126, 135 बी.एन.एस.एस. तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय बड़े बचेली के समक्ष पेश किया गया जिनके द्वारा आरोपियों का जेल वारंट बनाने से दोनों आरोपियों को जिला जेल दंतेवाड़ा में जमा किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सउनि. उत्तम कुमार ध्रुव, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, ओम प्रकाश कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।।

### सर्वसिद्धिदायक महामंत्र है नवकार : मुनि सुधाकर

**रायपुर 14 सितंबर।** रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज दिनांक 14/09/2024 को नवकार मंत्र करें भव पार विषय पर विशेष प्रवचन रखा गया था। उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि नवकार महामंत्र आदि अनादि काल से विद्यमान है जिसका प्रमाण हमें भगवान की वाणी अर्थात आगमों में उल्लेख से प्रतित् होता है। नवकार महामंत्र मंत्र न होकर महामंत्र है क्योंकि जिस मंत्र से अन्य मंत्रों की रचना या उस मंत्र का उपयोग अन्य मंत्रों के निर्माण में किया जाता है उसे महामंत्र कहा जाता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि नवकार महामंत्र में किसी भी व्यक्ति विशेष की आराधना न हो कर गुणों की आराधना कि गई है। नवकार महामंत्र के क्रमशः पांच पदों में जीवन के सारभूत पांचों तत्वों का समावेश या उल्लेख होता है। नवकार महामंत्र सर्वसिद्धिदायक सर्वमंगलकारी है। इसके सुमिरण से पाप कर्मो का क्षय होता है। नवकार महामंत्र शाश्वत मंत्र है जो जैन धर्म की सभी परम्पराओं में एक रूप में मान्य है।



### समेकित कर व सम्पत्ति कर की राशि प्रदान करवाने पहुंचे प्रबंधन कार्यालय



**किरंदूल 14 सितंबर।** नगरपालिका परिषद किरन्दुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 में नगरपालिका परिषद् किरन्दुल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा एन.एम.डी.सी प्रबंधन किरन्दुल के अधिन निर्मित व्यवसायिक / औद्योगिक प्रायोजन के भवनों नये एवं पुराने आवासीय भवनों सम्पूर्ण लौह खनन क्षेत्र की भूमि व रिक्त भूमि की जानकारी एकत्रित करते हुए समेकित कर व सम्पत्ति कर की सही गणना कर महाप्रबंधक बी. आई.ओ.एम. किरन्दुल को पत्र प्रेषित किया गया था जिसके उपरांत एन.एम. डी.सी प्रबंधन किरन्दुल द्वारा डिमांड बिल अनुसार करो का भुगतान किये बिना माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में सभी करो के संबंध में वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त सभी न्यायालयीन प्रकरणों को आपसी समन्वय (नगरपालिक प्रशासन व एन.एम.डी.सी प्रबंधन) से निराकरण करवाने की आवश्यकता माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में लंबित प्रकरणो निराकरण हेतु परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया तथा विगत कई वर्षों से नगर पालिका के स्वच्छता कर्मचारी, नियमित एवम स्वच्छता दीदी के लिए परियोजना अस्पताल में ओ. पी. डी. की सुविधा मांग किया गया ज्ञात हो अस्पताल की सुविधा हेतु विगत 4 वर्षो से मामला लंबित हैं प्रबंधन से किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई जिसके कारण समस्त जन प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 12/09/2024 को किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय अपनी परिषद् के साथ बीआईओएम किरंदूल कॉम्पलेक्स प्रबंधन कार्यालय पहुंच कर मुख्य महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन उपमहाप्रबंधक श्री बी के माधव प्रबंधक कार्मिक को सौंपा और 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री मृणाल राय जी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री शशिभुषण महापात्र जी, सभी पार्षदगण श्रीमती रत्नी मांडवी, श्रीमती राजेन्द्र मृणाल राय, श्रीमती भानवती नाग, श्रीमती कीर्ति राणा, श्रीमती गायत्री साहू आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### राजस्व सचिव ने की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लंबित मामलों की समीक्षा

**महासमुंद 14 सितंबर।** राजस्व सचिव श्री अविनाश चंपावत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लंबित मामलों की समीक्षा की। बैठक में एनआईसी वीसी कक्ष से अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री उमेश कुमार साहू, और अधीक्षक भू अभिलेख श्री प्रमोद कुमार जुड़े थे। राजस्व सचिव श्री चम्पावत ने अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के केस को समय सीमा पर पूरा करें, विवादित विभाजन के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हो। सीमांकन के प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निपटाएं। नागरिक छोटे-छोटे त्रुटि के लिए भटकते रहते हैं। जल्द से जल्द निराकरण हो इसका ख्याल रखने कहा।

### दूरस्थ अंचल में बच्चों का वजन लिया गया

**महासमुंद 14 सितंबर।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 13 से 23 सितंबर तक सभी 0 से 6 के बच्चो का वजन और ऊंचाई नापने हेतु वजन त्यौहार का आयोजन सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है। पोषण माह और वजन त्यौहार आयोजन के दौरान श्री अजय कुमार साहू ,जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महासमुंद ने आंगनवाड़ी केंद्र टोंगोपानीकला , टोंगोदरहा, जोगीडीपा बागबाहरा परियोजना का भ्रमण किया गया । पोषण जागरूकता शिविर में गर्भवती, धात्री माताओं को जानकारी देते हुए बताया कि मां को गर्भावस्था से ही खान पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मां में खून की कमी होने से गर्भ में बच्चे के शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी बाधित होता है। मां के शरीर में मौजूद खून से ही बच्चे का पोषण होता है। कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय के गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओ, 0 से 2 वर्ष के बच्चों के माताओं, किशोरी बालिकाओं व ग्राम के अन्य सदस्यों को पोषण जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत पोषण व्यंजन प्रदर्शनी, पोषण रंगोली और पोषण स्लोगन के द्वारा सही पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसके अंतर्गत स्तनपान के फायदे, ऊपरी आहार, प्रथम 1000 दिवस में बच्चों के देख रेख, संतुलित आहार, व एनीमिया (खून की कमी) लंबे समय से खान-पान मे संतुलित आहार के कमी के कारण होता है। साथ ही एनीमिया को दूर करने के लिए स्थानीय स्तर मे मिलने वाले भाजी का सेवन सप्ताह मे कम से कम 3 से 4 बार करना चाहिए। सेक्टर- कसेकेरा, परियोजना- बागबाहरा की पर्यवेक्षक सरोजनी आदित्य ने जानकारी देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रो से प्राप्त होने वाले रेडी टू ईट फूड का सेवन भी निरंतर करने से शरीर को निरोगी रख सकते है।

# स्कूल के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित

## मानपुर के सेजेस में कलेक्टर के जारी आदेश को तार-तार किया प्रबंधन ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 14 सितंबर।** राष्ट्रगान का कथित तौर पर अपमान करने वाले मानपुर के शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्कूल प्रबंधन का एक और कारनामा सामने आया है। जहां जिले के कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश की धज्जियां उड़ते दिखी। दरअसल कलेक्टर ने हाल ही में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है कि स्कूलों के आसपास 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल के भीतर ही स्कूल के जिम्मेदारों ने जमकर साउंड सिस्टम बजवाई। और कलेक्टर के जारी आदेश को तार तार कर दिया।

दरअसल मानपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल यानी सेजेस में बीते 10 सितंबर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बकायदा स्कूल परिसर में मंच सजाया गया। वहीं डांस , गीत समेत विविध कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया। इस दौरान यहां जमकर साउंड सिस्टम




बजाया गया। कई तरह के गाने तेज आवाज में कार्यक्रम के दौरान चलाए गए। साउंड सिस्टम की आवाज भी ऐसी की स्कूल के आस पास की मकाने व बस्ती साउंड सिस्टम की आवाज में गूंज रही थी। जबकि वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा जिले में साउंड सिस्टम के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हुआ है। जिसके मुताबिक स्कूल के आस पास लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध लागू है।

शिक्षक दिवस 5 सितंबर को हमारे देश के प्रथम उप राष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म तिथि के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन आम तौर पर स्कूलों में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा अर्चना कर उनके उल्लेखनीय कार्यों को याद किया जाता है। अमूमन शालीनता से कार्यक्रम आयोजित होकर शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। लेकिन शिक्षक दिवस को 4 दिन बीत जाने के बाद पांचवे दिन ये कैसा शिक्षक दिवस जहां गाने, डांस के साथ तेज साउंड सिस्टम की आवाज में धूम धड़ाका हुआ। प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के बावजूद नियम को ताक में रखकर शासकीय स्कूल में साउंड सिस्टम का उपयोग, और वो भी संविधान द्वारा नियत तिथि के 4 दिन बाद अन्य तिथि में, कहीं न कहीं सेजेस स्कूल में शिक्षक दिवस का अर्थ व महत्व ही उक्त कार्यक्रम के बीच बदलता दिखा। वहीं नियम का उल्लंघन कर हुए इस कार्यक्रम से शिक्षक दिवस की गरिमा भी धूमिल होते नजर आई। बीते 9 सितंबर को जिले के कलेक्टर ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत विभिन्न संस्थानों समेत शिक्षण संस्थान के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। परीक्षा का हवाला देते हुए स्कूल के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र कलेक्टर ने घोषित किया है। वहीं इसके बाद शासन की ओर से भी उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के संदर्भ में आदेश सामने आया है जिसमे स्कूल के 100 मीटर की परिधि में लाउड स्पीकर बजाने पर कड़ी कार्यवाही जैसी तथ्य उल्लेखित है। इधर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के के अगले ही रोज आदेश का उल्लंघन कर स्कूल के आसपास नहीं बल्कि स्कूल परिसर के भीतर ही जिम्मेदारों ने जमकर लाउड स्पीकर बजवा दिया। अब इसमें किस पर क्या कार्यवाही होगी ये देखने वाली बात होगी।

हाल ही में इसी आत्मानंद स्कूल में एक दिव्यांग महिला भृत्य द्वारा राष्ट्रगान कराने तथा स्कूल के प्रिंसिपल समेत तमाम अध्यापकों के राष्ट्रगान से नदारत रहने का मामला सामने आया था। शिवसेना प्रमुख ने इसे राष्ट्रगान का अपमान बताते हुए कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस में केस दर्ज कराने की बात भी कही है। अब इसी स्कूल में शिक्षक दिवस की गरिमा तार तार होते नजर आई है जहां शिक्षक दिवस के चार दिन बाद ऐसा शिक्षक दिवस मनाया गया जहां शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल में जमकर तेज आवाज में घंटों लाउड स्पीकर बजाया गया। पूर्व में भी इस स्कूल में शिक्षक द्वारा बच्चों को प्रताड़ित करने का मामला सामने आ चुका है। ऐसे में अब बड़ा सवाल ये उठता है कि विवादों में घिरे स्कूल के मुखिया पर क्या कार्यवाही होगी।

# सरपंच मंडावी को भाजपा सरकार की पुलिस ने बेवजह फंसाया: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 14 सितंबर।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता कर प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत तोयनार के सरपंच और कांग्रेस कार्यकर्ता विजय पाल शाह मंडावी और उसी ग्राम पंचायत के एमैया जंगम को जबरन दबाव डालकर नक्सली मामले में गिरफ्तार किया गया और दोनों को जेल भेज दिया गया है जो कि निंदनीय है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में घटना का जिक्र करते हुए कहा कि दिनांक 01/03/2024 को ग्राम तोयनार में एक शादी समारोह में शामिल होने तोयनार क्षेत्र के जनपद सदस्य और भाजपा नेता स्वर्गीय तिरुपति कटला गए हुए थे और उसी दिन शादी समारोह से वापस लौटते समय अचानक नक्सलियों ने उन पर धार धार हथियार से हमला किया जिसके बाद वे गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें तत्काल गांव के सरपंच विजय पाल शाह मंडावी ने वाहन में घायल हुए स्वर्गीय तिरुपति कटला को जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया था जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। लेकिन भाजपा की संकीर्ण मानसिकता और बदले की राजनीति ने जबरन बिना किसी तथ्य के जिले के एक बड़े पंचायत के सरपंच को पुलिस ने



गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है भाजपा के शासनकाल में अब यह स्थिति निर्मित हो चुकी हैं कि कोई नेता या जनप्रतिनिधि किसी के शादी समारोह या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने जाता है तो उसे संदेह के नजर से देखा जाता है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण तोयनार के सरपंच और उसी गांव के एमैया जंगम की गिरफ्तारी है। विधायक विक्रम मंडावी ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रार्थी सुरेश कटला ने तीन लोगों के ख़िलाफ़ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई जिन्हे वह जानता है तो फिर उन्होंने घटना के वक्त तोयनार के सरपंच को क्यों नहीं पहचाना जबकि वह उस गांव का सरपंच है जिनसे गांव के लोग रोज मिलते है। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार षड्यंत्र पूर्वक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर जेल में डालने का काम कर रही है जो कि निंदनीय हैं विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में फ़साओं और जेल में डालो की षड्यंत्र वाली नीति अपनाई हुई है, भाजपा सरकार के इस फ़साओं और जेल में डालो की षड्यंत्र वाली नीति के ख़िलाफ़ कांग्रेस पार्टी डटकर मुकाबला करेगी। प्रेस वार्ता के दौरानक्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर,जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम,जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,जिला पंचायत सदस्य बसन्त राव ताटी,जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती सरिता चापा,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती पार्वती कश्यप,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती सन्त मण्डावी,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,जनपद अध्यक्षा श्रीमती निर्मला मर्पल्ली,नगर पंचायत भोपालपटनम अध्यक्षा कु,रिंकी कोरम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष बोरे,जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम,लछु राम मोडियंम ब्लाक अध्यक्ष भैरमगढ़,रमेश पामभोई ब्लाक अध्यक्ष भोपालपटनम,जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव दुखदेव नाग,जितेंद्र हेमला,सालिक नागवंशी,मंगल राणा ब्लाक अध्यक्ष गंगालूर,शैलेंश मण्डावी ब्लाक अध्यक्ष, सरपंच संघ अध्यक्ष जगबन्धु मांझी,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुनील उद्दे, भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### वन विभाग की कार्रवाई सागौन चिरान किया जब्त



**बीजापुर 14 सितंबर।** अवैध फर्नीचर निर्माण की शिकायत के आधार पर वन विभाग की टीम ने आवापल्ली नगर के घरों में छापा मार कार्यवाही करते हुए के सागौन लट्ठे व सागौन चिरान जब्त किए हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी अघनश्याम भगत ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर आवापल्ली के घरों में अवैध फर्नीचर निर्माण की शिकायत मिलने पर सर्च वारंट जारी कर आवापल्ली निवासी कटला वेक्टेश पिता कटला नरसैया स्कूल पारा के यहां छापा मारा गया। जहां अवैध फर्नीचर निर्माण होना पाया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी भगत ने बताया कि कार्यवाही के दौरान चार नग सगौम लट्ठा जो 0. 252 घनमीटर व 190 नग चिरान घनमीटर 0.657 अवैध चिरान जब्त किया गया हैं। रमेश तानराज पिता नरसिंह राव स्कूलपारा आवापल्ली 35 नग सागौन चिरान घन मीटर 0.203, और आवापल्ली गांधी चौक के रामबाबू शर्मा पिता रघुनाथ शर्मा के यहां 60 नग सागौन घनमीटर 0.655 जब्त किया गया । वन परिक्षेत्र अधिकारी अघनश्याम भगत ने बताया कि पकड़े गये अवैध सागौन की कीमत डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि वन मंडलाधिकारी बीजापुर व उप वन मंडलाधिकारी आवापल्ली के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र आवापल्ली और वन परिक्षेत्र पामेड द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई हैं। जब्त के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी पामेड़ वासुदेव सोनी,डिप्टी रेजर कमलेश ठाकुर,मोहन तामो, मोहन सिंह ठाकुर रामध्रुव ,दुब्बा गौरैया ,मनोज बुरका,राजेन्द्र ,बाबूलाल ,मानसाय डारा ने कार्यवाही किया गया।

### उसूर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बीजापुर 14 सितंबर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष भारतीय रेडक्रांस सोसायटी जिला संघ बीजापुर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला संघ बीजापुर डॉ. बी.एल.पुजारी के मार्गदर्शन मे विभागीय रक्तदान के अवसर पर आज शिक्षा विभाग के सौजन्य से विकास खण्ड उसूर मे 'रक्तदान, महादान के मंत्र के साथ



भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला संघ बीजापुर एंव जिला चिकित्सालय बीजापुर एंव विकास खण्ड चिकित्सालय उसूर के सहयोग से एक दिवसीय रक्त जाँच, एंव रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया 7 इस शिविर में विकास खण्ड एवं बीआरसी के समस्त स्टाफ, उसूर के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओ मे उक्त शिविर मे काफी उत्साह देखने को मिला 7 आज के शिविर मे कुल 120 शिक्षक एंव शिक्षिकाओ ने भाग लिया जिसने से 20 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री संतोष गुप्ता,खण्ड स्त्रोत समन्व्यक श्री वेंकट तोकल एंव समस्त स्टाफ तथा श्री नरवेद सिंह भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला संगठक बीजापुर , श्रीमती संतोषी कावरे एंव ब्लड बैक से श्री मुकेश पटेल एंव श्री कैलाश जी एंव उसूर अस्पताल से दो सहायक मौजूद थे। उक्त शिविर मे खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉं उमेश ठाकुर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ जिसके चलते 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा सका।उक्त शिविर में महिलाओ के प्रेरणा स्वरूप श्रीमती सबिहा परवीन ने अपना पहला रक्तदान किया एंव पहला रक्तदान करते हुए काफी उत्साहित दिखाई दी।

### शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में लगाया गया प्लेसमेंट कैंप

**राजिम 14 सितंबर।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में स्ववित्तीय योजना अंतर्गत संचालित समाज कार्य विभाग द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.घनश्याम यदु , मुख्य अतिथि के रूप में आशीष थापा जी



( एच. आर. सत्या फाउंडेशन) एवं विशेष अतिथि संजय साव व पुष्पराज सिंह रहे। इस अवसर पर प्रो. यदु ने कहा कि इस तरह का आयोजन महाविद्यालय में पहली बार किया गया है द्य इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज कार्य विभाग के पूर्व छात्र-छात्राओं को समाज कार्य के क्षेत्र में व्यक्तित्व विकास व रोजगार के अवसर प्रदान करना था द्य सत्या माइक्रो कैपिटल से आए एच. आर. आशीष थापा जी संस्था की स्थापना पर प्रकाश डाला एवं संजय साव जी ने संस्था की तकनीक पहलू पर बातचीत की साथ ही पुष्पराज सिंह जी ने संस्था संबंधी विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए द्य इन सभी ने सत्य माइक्रो कैपिटल के बारे में विद्यार्थियों को स~ विस्तार समझाया व वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया को पूर्ण किया द्य इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश बघेल व समाज कार्य विभाग से प्रो. सोनम चंद्राकर, प्रो.प्रदीप कुमार सेन एवं समाज कार्य विभाग के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं व पूर्व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

# आँवरी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 14 सितंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के उद्देश्य से कांकेर जिले के विभिन्न ग्रामो में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिले के कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देश अनुसार शुक्रवार 13 सितंबर को चारामा विकासखंड के ग्राम पंचायत आंवरी में जिला प्रशासन के द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को सुना गया । शिविर स्थल पर उपस्थित अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणो से प्राप्त आवेदनों पर यथा संभव निराकरण किया गया । शिविर में उपस्थित ग्रामीणो से कुल 256 आवेदन प्राप्त हुए । जिनमे से सर्वाधिक 159 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 16 आवेदन समाज कल्याण विभाग को 11 आवेदन खाद्य विभाग को एवं 70 आवेदन अन्य विभागों के लिए ग्रामीणों के द्वारा दिये गये । इनमे से कुल 57 आवेदनों का शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया । तथा शेष आवेदनों




का निराकरण निर्धारित समय सीमा पर किया जाएगा । शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणो को दी गई । शिविर मे उपस्थित अतिरिक्त कलेक्टर श्री एस अहिरवार ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों को बारी बारी से अग्रेषित कर अतिशिघ्र निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये । शिविर पर मतस्य पालन विभाग के द्वारा 04 हितग्राहियों को मतस्याखेट जाल वितरण योजना के तहत ग्राम कंडेल की गूंजा सिन्हाए प्यारी बाई भूआर्य ग्राम कसावाही के बंशी लाल नेताम व अर्जुन राम हिड़को को मछ्ली जाल वितरित किया गया । 07 बुजुर्ग हितग्राहियों को समाज कल्याण विभाग के द्वारा छड़ी वितरण किया गया । इस अवसर पर विभागीय अधिकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# विश्व आदिवासी अधिकार दिवस समारोह संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 14 सितंबर।** विश्व आदिवासी अधिकार दिवस के अवसर पर जिले के भैरमगढ़ और बीजापुर में सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक इकाइयों ने आम सभा कर विश्व आदिवासी अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र का पाठन किया। भैरमगढ़ के सर्व आदिवासी समाज के सामाजिक भवन में ब्लाक के विभिन्न गांवों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण सहित मौजूदा समय में अनुसूचित क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकारों के गैर जरूरी हस्तक्षेप पर चिंता जताई गई। सभा को सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुवात आदिवासी वीर शहीदों के छाया चित्र पर माल्यार्पण से की गई। कार्यक्रम का समापन भैरमगढ़ ब्लाक इकाई के अध्यक्ष सीताराम मांझी के वक्तव्य के साथ किया गया। इस दौरान बी एस भास्कर, सी एस नेताम, विनिता बघेल,सोमारु हप्पका, सुनिल उरसा, सोनारु बारसा, बुधराम गावडे, बना फरसा सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

गोंडवाना भवन बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी अधिकारों पर चर्चा करते हुए सामाजिक प्रतिनिधियों ने आदिवासी समाज के हितों के संरक्षण के लिए बने राज्य द्वारा बनाए गए कानूनों की व्यापक चर्चा के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनुशंसित दिशा निर्देशों की चर्चा की गई। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव कमलेश पैंकरा, पाकलू तेलम,श्रवण सैंड्रा, बीएस कंवर, सतीश मंडावी, कामेश्वर दुब्बा जमुना कोरसा सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।



### पहुंची नगर सेना की टीम, गर्भवती महिला सहित ग्रामीणों को उफनती नदी-नालों से कराया पार



**बीजापुर 14 सितम्बर।** बीजापुर में पिछले दिनों तेज बारिश से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी थी अभी भी कई जगहो मे जल भराव की स्थिति निर्मित है। प्रशासन द्वारा पूरी सजगता से बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से जन सामान्य को सहयोग पहुंचाया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष सातों दिन 24 घंटे कार्य कर रही है। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नोडल अधिकारी एवं एसडीएम बीजापुर को सूचना मिलने पर नगरसेना की टीम को त्वरित मौके पर ग्राम गुमरा भेजा गया जहां गर्भवती महिला श्रीमती रीता आलम सहित 11 ग्रामीणों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग की सूचना पर ग्राम पंचायत रेड्डी के पदमूर गांव गर्भवती महिला श्रीमती सन्नी गोन्दे का भी रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू टीम में नगर सेना के जवान राजू वाचम, ताती हुंगा, रूपलाल बेलगाया, इंदर मांझी, ब्रम्हानंद कुंजाम, गोरला नारायण जिलयुस तिर्की निर्दोष बरला स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ अनसूया राव एवं कोटवार कमलू हपका ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# शंकराचार्य ने सिंधी समाज को गौसेवा की सलाह दी

■ सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं मसन्द साहिब का हुआ भव्य सम्मान

■ सिंधी समाज शंकराचार्य जी के गौ प्रतिष्ठा आंदोलन में करेगा सहयोग

**रायपुर 14 सितंबर।** ज्योतिर्मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज के दिल्ली में आयोजित चातुर्मास्य महोत्सव में शामिल होने हेतु शंकराचार्य महाराज जी के अत्यन्त प्रिय, सिन्धी समाज के प्रख्यात संत, मसन्द सेवाश्रम रायपुर (छत्तीसगढ़) के अधिष्ठाता साईं जलकुमार मसन्द साहिब जी का एक सप्ताह के लिए दिल्ली आगमन हुआ। चातुर्मास्य महोत्सव में साईं मसन्द साहिब जी को शंकराचार्य महाराज जी के करकमलों से पगड़ी, शाल, मिष्ठान, श्रीमद्भगवत गीता एवं सम्मान पत्र आदि भेंटकर सम्मानित किया गया।



साईं मसन्द साहिब जी के दिल्ली पहुंचने पर उनके सानिध्य में दिल्ली प्रदेश के सिन्धी समाज के संत, ब्राह्मण, पूज्य पंचायतों, श्री झूलेलाल मंदिरों, प्रमुख समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सिंधी पत्रकारों ने बड़ी संख्या में शंकराचार्य महाराज जी से भेंटवार्ता की और उनका मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में शंकराचार्य महाराज जी ने कहा कि देश के विकास में सिन्धी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। आज सिन्धी पूरे देश में फैले होने पर भी अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं जो उनको सबसे विशेष बनाती है।?

उन्होंने सभा को देश में उनके नेतृत्व में चल रहे गौ प्रतिष्ठा आंदोलन से अवगत कराते हुए सिन्धी समाज को एक विशेष जानकारी दी कि देश में अनेक प्रकार की गायों में से एक सिन्धीलाल नस्ल की गाय भी है जो हर जगह आसानी से जीवनयापन कर लेती है। यह चारा तो कम खाती है पर दूध अधिक देती है।? शंकराचार्य जी ने इच्छा प्रकट की कि सिन्धी समाज इस सिन्धीलाल नाम के गाय के संरक्षण की जिम्मेदारी ले तो समस्त सिन्धी समाज को गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। शंकराचार्य जी की इस सलाह को सिन्धी समाज ने सहर्ष स्वीकार किया और अनेक लोगों ने आगे आकर इस नस्ल के गौवंश के संरक्षण का वचन दिया।

साई मसन्द साहिब जी ने अपने सम्बोधन में विगत बारह वर्षों से देश के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों तथा करीब दो सौ अन्य महान संतों के सहयोग से देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों के आधार पर शासन स्थापित करवाकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। सभा को? पूज्य साईं वसणशाह दरबार के प्रमुख साईं जगदीश लाल, बड़े झूलेलाल मंदिर के वरिष्ठ सेवादार भाई सुरेन्द्र साजन, पंडित हितेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत भाटिया, वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर बलवाणी, मोहनलाल भोजवाणी, गौसेवक राजकुमार भुराणी, युवा नेता मनोज सिंधी आदि ने भी संबोधित कर शंकराचार्य महाराज जी के गौ प्रतिष्ठा आंदोलन की सफलता में सिंधी समाज का योगदान सुनिश्चित कराने का संकल्प किया। शंकराचार्य महाराज जी ने सिंधी समाज के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया।

# पहली बार फील्ड में डिजीटल क्रॉप सर्वे, राज्य में बलौदाबाजार तहसील का चयन

■ फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 14 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार आज से बलौदाबाज़ार तहसील में डिजीटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत पटवारी सहित अन्य राजस्व अधिकारी खेतों में जाकर सर्वे का कार्य पूर्ण करेंगे। इसके पूर्व जनपद पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में फील्ड में गिरदावरी अंतर्गत डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करने वाले निजी सर्वेयर का प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। जिसमे बताया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में निजी सर्वेयर की भूमिका जियो फ्रेंस के रूप में होगी, जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। निजी सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जायेगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे।

उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही एप में प्लॉट की स्थितिए खसरा नंबरए एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ तीन फोटो अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा। जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेगा। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आएंगे। पटवारी या अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में बताया गया है कि फिल्ड में क्या बोया गया है फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित- असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। यदि साफ्टवेयर में जियोरिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा। तब तक डेटा सेव नहीं होगा। सर्वेयर किसी भी खसरा नंबर की भूमि के मेड़ में खड़े होकर फोटो कैप्चर नहीं करेगा। यदि ऐसा वे करते हैं तो आसपास के खसरा नंबर के लैटलांग मिस्डमैच होगा। इसलिए सर्वेयर प्रत्येक खसरा नंबर की भूमि के अंदर कम से कम मेड़ से 10 मीटर की दूरी पर जाकर प्रयोग संपादित करेगा। यदि पिक्चर में गेहूं फसल दिख रहा पर सर्वेक्षक ने धान प्रविष्ट किया हो अथवा प्लाट खाली है और फोटो गन्ना का अपलोड किया है, तो वही डेटा को पटवारी रिसेंड करेगा। सर्वेक्षक सुधार कर फिर से पटवारी को भेजेगा। यदि पटवारी पुनः रिजेक्ट करता है तब आरआई के आईडी में आयेगा। पटवारी द्वारा परंपरागत ढंग से की जाने वाली गिरदावरी से यह फिलहाल अलग है। धान खरीदी पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर की जाएगी। डिजिटल क्राप सर्वे उन्हीं ग्रामों में की जायेगी, जहां जियोरिफ्रेंसिंग का सेकेंड लेवल कार्य का संपादन हो गया है। सभी ग्रामों के खसरा नंबरों में नहीं की जाएगी। यह शासन की बहुआयामी योजना है। सकारात्मक ढंग से इस कार्य का संपादन करना है। साफ्टवेयर बहुत ही आसान बनाया गया है। किसी भी वर्जन के एंड्रॉयड मोबाईल में प्रयोग किया जा सकता है, जिसमें ये सपोर्ट करें। इसके लिए जिले में पटवारी, आरआई को 3 सितम्बर 2024 को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह कार्य 9 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक संपन्न करना है। इस अवसर पर एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल एवं अन्य अधिकारी तथा सर्वेयर उपस्थित रहे। गौरतलब है की राज्य में डिजीटल क्रॉप सर्वे हेतु बलौदाबाजार तहसील का चयन किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### सरपंच पर दादागिरी व वर्षों से काबिज जमीन को चहेतों को देने का आरोप



**छुरा, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम काटाखुसरी के ग्रामीणों ने राजीम विधायक रोहित साहू से मुलाक़ात कर ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच पर अपने चहेतो को फर्जी तरिके से वन अधिकार पट्टा देने का आरोप लगाते हुए मामले मे निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने कि मांग किया है, जिस पर विधायक रोहित साहू ने विधिवत जांच करा कर जल्द न्याय दिलाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने कि बात कही है, ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम काटाखुसरी के ग्रामीणों का कहना है कि वर्षो से उनके द्वारा काबिजशुदा जमीन पर कृषि कार्य कर अपने अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते आ रहे है जिसे वर्तमान सरपंच द्वारा मनमर्जी व पद का दुरूपयोग करते हुए अपने हितैषीयो को लाभ पहुंचाने अपने लोगो के नाम वन अधिकार पट्टा हेतु नाम प्रस्तावित किया जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच द्वारा बिना ग्रामसभा प्रस्ताव व ग्राम समिति के प्रस्ताव के हितग्राहियो का नाम जारी किया जा रहा है जिस जमीन को वो वर्षो से खेती करते आ रहे है उस जमीन को सरपंच द्वारा अपने हितैषीयो के नाम करने का षड्यंत्र कर रहा है जिससे ग्रामवासियों मे सरपंच के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीण ने कलेक्टर गरियाबंद, अनुविभागीय अधिकारी छुरा, तहसीलदार छुरा को भी इस मामले मे आवेदन सौपकर जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने कि मांग कि है।

### शिवेन्द्र बहादुर को मिला युवा शोधकर्ता पुरस्कार

**भखारा, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एसएमई मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत पंजीकृत संस्था साइंटिफिक्र इंटरनेशनल पब्लिशिंग हॉउस तमिलनाडु द्वारा डॉ. शिवेन्द्र बहादुर, अतिथि व्याख्याता भूगोल बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी, जिला धमतरी को शोध पर नए आयामों को लेकर युवा शोधकर्ता पुरस्कार प्रदान किया गया है यह पुरस्कार उन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया है। साइंटिफिक्र इंटरनेशनल पब्लिशिंग हॉउस द्वारा डॉ. शिवेन्द्र बहादुर को उनके द्वारा लगातार किए जा रहे शोध कार्यों की उत्कृष्टता एवं समाजिक उपयोगिता के आधार पर यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।



भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम सिलौटी स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ डॉ. शिवेन्द्र बहादुर द्वारा लगातार शोध पत्रों के माध्यम से विविध विषयों पर नए शोध कार्य किये जा रहे हैं जिससे प्रभावित हो कर इस उच्च संस्था द्वारा उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है इस उपलब्धि के लिए बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी की प्राचार्य डॉ.भावना कमाने ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी है साथ ही महाविद्यालय के समस्त स्टाफनें डॉ. शिवेन्द्र बहादुर को उनकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी है। इससे पूर्व भी डॉ. शिवेन्द्र बहादुर को इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडियन ज्योग्राफर्स तथा छत्तीसगढ़ भूगोल परिषद द्वारा उत्कृष्ट शोध के लिए युवा भूगोलविद् पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल उद्देश्यों की पूर्ति हेतु डॉ. शिवेन्द्र बहादुर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शोध में रुचि लेने एवं प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास कर रहे हैं।

## एक नजर



**सिमगा, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के हरदेव लाल पारा में विकास खण्ड स्तरीय एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, शिविर में बी, पी, शुगर, नेत्र जांच व सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, अपील, खुजली, वात रोग, उदर रोग, श्वांस, स्त्री रोग एवं अन्य रोगों का उपचार चिकित्सकों के द्वारा किया गया, व मरीजों को दवाई वितरण किया गया।

### राशनकार्ड नवीनीकरण अब 31 अक्टूबर तक



**बलौदाबाजार, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रचलित अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन एवं सामान्य (एपीएल) श्रेणी परिवार के राशनकार्डो के नवीनीकरण हेतु समय-सीमा में 31 अक्टूबर 2024 तक वृद्धि की गई है। राशन कार्ड नवीनीकरण हेतु राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों में से किसी भी एक सदस्य का ई-केवाईसी होना अनिवार्य है। राशनकार्डधारी सदस्यों के ई-केवाईसी का कार्य शासकीय उचित मूल्य दुकान में ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है जिसके लिए राशनकार्डधारी सदस्यों को अपने राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ किसी भी शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर ई-केवाईसी कराया जा सकता है। जिले में प्रचलित समस्त राशनकार्डो का नवीनीकरण एवं राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 23 सितम्बर तक

**बलौदाबाजार, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भालूकोना-2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। मूल्यांकन समिति के अनुमोदन पश्चात् दावा आपत्ति 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक अभ्यर्थी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 14 सितम्बर।** शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं नशीले टैबलेट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ब्राउन शुगर एवं नशे की गोलियां बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए दबोचा गया। आरोपी से 27,750 कीमत मूल्य की 49 छोटे-छोटे पैकेट में बंधा ब्राउन शुगर जप्त किया गया साथ ही आरोपी से 220 कीमत मूल्य का 31 नग नाइट्रा टैबलेट (नशे की गोलियां) एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल भी किया गया।

12 सितम्बर को थाना शहर से निरीक्षक परिवेश तिवारी, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, आरक्षक उमेश वर्मा, विजय ठाकुर, दुर्गेश साहू, रामस्नेही केंवट एवं अनवर कुर्रे की पुलिस टीम द्वारा सिद्धबाबा रोड तरफ सुलभ शौचालय के सामने भाटापारा में घेराबंदी कर बाइक के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी से 27, 750 कीमत मूल्य का 49 की संख्या में छोटे-छोटे पैकेट में बंधा ब्राउन शुगर एवं 220 कीमत मूल्य का 31 नग नाइट्रा टैबलेट (नशे की गोलियां) जप्त किया गया है। कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा आरोपी से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं नशे की गोलियां खपाने में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर मे धारा 8(ग), 21(ख) ह्रष्ठक्क्रस्, ष्ह्ल के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले खुलासा करते हुए एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर, शहर टी.आई.परिवेश तिवारी ने बताया आरोपी भूपेन्द्र कलकत्ता हावडा से ब्राउन शुगर लेकर भाटापारा पहुंचा था जिसे पुलिस ने सूचना के आधार पर धरदबोचा ज्ञात हो ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ पकडे जाने का पूरे जिले मे यह पहला मामला है जिसे पुलिस ने बडी होशियारी से पकड़ा।

### भाटापारा में ब्राउन शुगर की तस्करी, ड्रग्स विभाग निष्क्रिय, युवाओं का भविष्य अंधकार में, गृह मंत्री त्यागपत्र देवें : सुशील शर्मा



**भाटापारा, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में सत्तासीन हुई है पूरा प्रदेश भू माफिया, शराब माफिया, जुवा-सट्टा माफिया और डर्ग्स माफियाओ के क़ब्ज़ा में होते जा रहा है, प्रदेश में चारो तरफ़ नशा और जुवा का कारोबार फलता फूलता नज़र आ रहा है, ज़िला बलौदाबाज़ार-भाटापारा में अवैध शराब, सट्टा, जुआ, गाँजा, के बाद अब ब्राउन शुगर का कारोबार ड्रग्स विभाग की निष्क्रियता को प्रदर्शित करता है साथ ही साथ युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने वाली इस जहरीली नशा का खुलेआम कारोबार होना तथा प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार जनता जनार्दन का भी विश्वास खो चुकी है प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा अपना ही विभाग सम्भाल नहीं पा रहे है, लगातार चोरी, डकेती, लूटपाट, हत्या से जन जीवन अस्तव्यस्त हो रहा है, आम जन भयभीत और संसंकित होकर जीवन जीने मज़बूर है फिर भी गृह मंत्री के कानो में जूँ तक नहीं रेंग रही हैं गृह मंत्री सत्ता के नशे में मदमस्त होकर कुंभकर्णीय नींद सो रहे है। अपने कर्तव्यों का पालन करने में असफल गृह मंत्री को अपने पद से तत्काल त्यागपत्र दे देना चाहिये। समाचार पत्रों से मिली जानकारी अनुसार पिछले दो दिनों से प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के सभी कलेक्टर और एसपी की कांफ्रेंस कर रहे थे और इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री जी प्रदेश की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं और विषयों पर उन्होंने चर्चा किया और इस समीक्षा बैठक में उनके साथ प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे लेकिन आज जब उन्होंने प्रदेश की क़ानून व्यवस्था पर दिनभर महत्वपूर्ण चर्चा किया जिसमे ग्रह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय और प्रदेश के डीजीपी साहब को बैठक में शामिल किया तो उन्होंने अपने ही मंत्रीमण्डल के वरिष्ठ मंत्री जो कि उप मुख्यमंत्री भी है जिनके पास गृह विभाग जैसा महत्वपूर्ण विभाग है लेकिन उनको बैठक में आमंत्रित नहीं किया और उनको इस बैठक से दूर रखा गया, ये बात कोई सामान्य नहीं है, आमतौर पर मुख्यमंत्री जिस विभाग की समीक्षा करते है उस विभाग के मंत्री को जरुर बिठाते है ये जरुरी भी है और परंपरा भी है लेकिन आज छत्तीसगढ़ में कुछ एसा हुआ जिससे ये समझ आया कि प्रदेश की बदतर क़ानून व्यवस्था से नाराज़ मुख्यमंत्री ने अपने ही ग्रह मंत्री को नहीं बुलाया इसका मतलब साफ़ है कि ग्रहमंत्री अपना विश्वास खो चुके है और अपने विभाग से दूर कर दिये गये है और अपने अधिकारियों की नजर में भी अब वो उतने ज़िम्मेदार नहीं दिखाई पड़ रहे है।येसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री गृह विभाग को खुद चलाना चाहते है और विजय शर्मा को नाम का मंत्री बनाया हुआ है, इसलिए प्रदेश में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आम जनता का विश्वास खो दिया है और पूरे प्रदेश में सिर्फ हत्या, दुष्कर्म, चाकूबाज़ी और लूट की घटनाएँ हो रही है और नशे एवं जुआँ, सट्टा, के साथ ब्राउन शुगर जैसा नशा पूरे प्रदेश में फलफूल रहा है।

# रानीपरतेवा में मनाया गया पोषण माह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 14 सितम्बर।** रानीपरतेवा में महिला एवं बालविकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत वजन तिहार का शुभारंभ किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं व बच्चों को संबोधित करते हुए जेंडर विशेषज्ञ अंजलि नायक जी ने महिलाओ को मासिक धर्म के दिनों में होने वाले तकलीफो के उपाय व स्वक्षता के बारे में विस्तार से अवगत कराया इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी चंदू साहू ने बच्चों को कुपोषण से कैसे बचाया जा सकता है और बच्चों के सुपोषण के लिए विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में बताया इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ ऐश्वर्य साहू ने आयुष विभाग द्वारा चलाये जा रहे कुपोषण मुक्त अभियान एवं सुप्रजा अभियान का विस्तार से अवगत कराया जिला महिला एवम बाल विकास अधिकारी दीपा शाह ने महिलाओं को होने वाले एनेमिया के बारे में बताया साथ ही खान पान में तिरंगा भोजन जिसमे चावल दाल हरीसब्जियों के उपयोग से होने वाले फायदे को बताया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांव के पूर्व सरपंच हेमलाल नेताम जी ने आंगन बाड़ी के द्वारा महिलाओं व बच्चों के स्वास्थय के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना किया साथ ही आम जनो को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किया कार्यक्रम का संचालन करते हुए पर्यवेक्षक रीतू साहू ने विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी में सब्जियों फलो विविध छत्तीसगढ़ी व्यंजनो से मिलने वाले पौष्टिक तत्वों के बारे में बताया इस अवसर पर आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषक पदार्थो की प्रर्दशनी, रंगोली, के माध्यम से जनजागरूकता लाने का प्रयास किया गया कार्यक्रम स्थल में नर्सिंग सिस्टर लक्ष्मी सोनकर द्वारा हीमोग्लोबिन जांच किया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला कोंडागांव (छ.ग.)**

ई-कोर्ट क्रमांक/ 202409200900014
अ-2/2023-24
ग्राम-बम्हनी, प.ह.न.-17

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती विभा चिडेम पति श्री रमेश कुमार चिडेम, जाति मुरिया, निवासी कोण्डागांव, तहसील-कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम-बम्हनी में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 172/13, रकबा 0.1300 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1, अधिकार अभिलेख एवं नामांतरण पंजी की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 30/09/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409092100013
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कमलेश आ. मोनी ढीमर एवं अन्य 02 सभी निवासी भगत सिंह चौक ढीमर पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है आवेदकगण के परदादा स्व. विश्वनाथ की मृत्यु कई वर्षों पूर्व हो चुकी है तथा आवेदकगण के पिता स्व. मोनी ढीमर की मृत्यु 2022 में तथा आवेदकगण के दादा स्व सुन्दरलाल धरमगुड़े की मृत्यु वर्ष 2023 में हो चुकी है। आवेदकगण के परदादा स्व विश्वनाथ द्वारा दिनांक 17/6/57 को क्रय की गई भूमि खसरा नं 700/2 शीट क्र. 2 कुल 506 वर्गफुट नजूल शहर डोंगरगढ़ में स्थित है। आवेदकगण के परदादा स्व विश्वनाथ दादा स्व. सुन्दरलाल धरमगुडे तथा पिता मोनी ढीमर की फौत होने के कारण आवेदकगण उनके विधिक वारिसान होने के कारण अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना चाहते है। आवेदकगण के द्वारा उनके पिता तथा दादा की मृत्यु प्रमाण पत्र इस आवेदन के साथ संलग्न है तथा उनके परदादा की मृत्यु कई वर्षों पूर्व हो जाने के कारण तथा विधिक अज्ञानतावश उनका मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया है। आवेदकगण द्वारा विधिक अज्ञानतावश मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने के कारण उनके द्वारा अपने परदादा की मृत्यु के संबंध में शपथ प्रस्तुत किया जा रहा है। आवेदकगण स्व विश्वनाथ के विधिक वारिसान होने के कारण अपना नाम राजस्य अभिलेखों में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति ही तो वह पेशी दिनांक 30/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202409092200056**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

करवारी (प ह न. 00022),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-वी सत्यवती,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वी सत्यवती पति वी गुरुनाथ राव जाति तेलगु उम्र 48 वर्ष निवासी कृष्णा नगर वार्ड नम्बर 06 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम करवारी प.ह.न. 22 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 504 में ख.न. 408/1 रकबा 0.760हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.760 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में वी सत्यवती पति वी गुरुनाथ राव जाति तेलगु सा. नगर वार्ड नम्बर 06 इंदिरा नगर के पास डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 27.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202409092200061**

विषय: ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2023-2024

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सगीता.
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सगीता आ. मधुकर राव जाति महार सा. दंतेश्वरी वार्ड डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के स्वयं सगीता आ. मधुकर राव का जन्म दिनांक 05.10.1977 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार डोंगरगढ़


# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 सितम्बर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 12.09.2024 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले तथा प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 29 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 8700 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर वाले वाहन चलाने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 4500 समन वसूल किया गया है। सांथ ही प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले 12 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 3600 समन शुल्क तथा नो-पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3900 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 12.09.2024 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 93 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 31, 500 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद जामुल, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना**

क्र./1473/न.पा.प./2024-25 — जामुल, दिनांक 13/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/मान्यता प्राप्त संस्था से पंजीकृत निर्माता से निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | भरे हुए निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष/पार्षद निधि एवं शिक्षा उपकर मद अंतर्गत कुल 16 कार्य। | 37.74 | 07/10/2024 |

1. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, जल व्यर्थ न बहायें।
करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जामुल

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

Tel:- 07781-252934 — Email:- eenar-phe-cg@gov.in

**मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.सू.क्रमांक/24/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2024, — नारायणपुर, दिनांक 09/09/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र 'सी' में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 20/09/2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल-01 के अनुसार) | 9.74 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.09.2024 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी- 242502469/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

## एक नजर

### लाखे जयंती 17 को

**रायपुर, 14 सितम्बर।** श्रीवामनराव लाखे



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सहकारिता के जनक छत्तीसगढ़ मित्र के संस्थापक, विधिवेत्ता की 152वीं जयंती 17 सितम्बर को दोपहर 1 बजे श्रीवामनराव लाखे उ.मा.शाला तेंदुआ रोड, यदुवंशी चौक, हीरापुर में मनाई जाएगी।

### पेंशनरों की बैठक 16 को

**रायपुर, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की बैठक 16 सितम्बर को होगी। प्रांतीय महामंत्री अनिल कुमार पाठक ने बताया कि बैठक में पेंशनधारियों की समस्याओं व कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

### मेंढे ने मांगी टिकिट



**रायपुर, 14 सितम्बर।** दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी दयाराम मेंढे ने अपनी दावेदारी का आवेदन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को दिया है। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की चयन समिति नई दिल्ली में नाम रखने का आश्वासन दिया है व दक्षिण विधानसभा के मतदाताओं, नागरिकों व पार्टी कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क बनाने का निर्देश दिया।

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर, 14 सितम्बर।** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत कि आरोपी संतोष कुमार राम जो प्रार्थिया के परिचित है। आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर उसके साथ मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### खड़े ट्रक से डीजल पार

**रायपुर, 14 सितम्बर।** सिलतरा स्थित बाण ढाबा के पास खड़ी ट्रक से अज्ञात चोर ने 250 लीटर डीजल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप सेन 26 वर्ष रावांभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी ट्रक को बाण ढाबा सिलतरा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात कार चालक ने ट्रक की टंकी से 250 लीटर डीजल चोरी कर लिया। चोरी गए डीजल की कीमत करीब 24500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 14 सितम्बर।** विधानसभा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 63 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 600 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ आरोपी शत्रुहन वर्मा 45 वर्ष, देव बंजारे 27 वर्ष व विनोद गहरे 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 63 पाव देशी शराब के साथ बिक्री रकम 600 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### निधन

### भगत सिंह चावला

**रायपुर, 14 सितम्बर।** देवेन्द्र नगर निवासी



सरदार भगत सिंग चावला (अधिवक्ता)का आज सुबह 7 बजे निधन हो गया है। उनकी शवयात्रा 15 सितम्बर को उन के निवास स्थान साईं नगर (जेल रोड )से सुबह 11 बजे निकलेगी। देवेन्द्र नगर स्थित मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे हरिन्दर सिंग चावला अधिवक्ता के पिता तथा कुलदीप सिंग चावला, हरभजन सिंग चावला के भाई थे।

---

राजधानी में गणेशोत्सव



1. श्री बाल महाराज गणेशोत्सव समिति शीतला मंदिर बाजार चौक, डंगनिया 2. श्री जय मां शीतला गणेशोत्सव समिति शीतला मंदिर बाजार चौक, डंगनिया 3. गजानंद गणेश उत्सव समिति शिवमंदिर फाफाडी गाली नंबर 4 श्री आजाद बाल समाज गणेशोत्सव समिति अश्विनी नगर, महादेवघाट रोड।

# उपचुनाव की तिथि घोषित होते ही भाजपा प्रत्याशी का ऐलान : शर्मा

## चारों मंडलों के अध्यक्षों, पार्षदों एवं संगठन के पदाधिकारियों से की जा रही रायशुमारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 14 सितम्बर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के भाजपा पर्यवेक्षक



शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिस दिन चुनाव तिथि की घोषणा कर दी जाएगी इसके तत्काल पश्चात भाजपा प्रत्याशी भी घोषित कर दिया जाएगा।

रायपुर दक्षिण विधानसभा से विजयी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल अब सांसद बन गए हैं जिसके कारण यह सीट रिक्त हो गई है। निर्धारित तिथि से 6 माह के अंदर चुनाव कराया जाना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार अक्टूबर माह मे चुनाव की तिथि घोषित की जा सकती है। वर्तमान में हरियाणा और कश्मीर में चुनाव हो रहे हैं। महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव के साथ ही छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तिथि घोषित की जा सकती है। इधर प्रशासनिक तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही है। आयोग ने कई अधिकारियों को नियुक्त कर दिया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के अलावा अन्य तैयारियां भी युद्ध स्तर पर चल रही है। इधर चुनाव को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है।

### भाजपा में सैकड़ों दावेदार

भाजपा के चुनावी पर्यवेक्षक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कैलाशपुरी स्थित भाजपा के तत्पर कार्यालय में सिविल लाईन, पुरानी बस्ती, लाखेनगर मंडल की बैठक हो रही है इसमें पार्षदों, मंडल अध्यक्षों तथा संगठन के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। भाजपा में सैकड़ों दावेदार हैं जो टिकिट की मांग कर रहे हैं। भाजपा के पूर्व सांसद सुनील सोनी, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, आरडीए के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद नरेन्द्र यादव ने भी टिकिट देने की मांग की है।

### निगम चुनाव प्रभावित होने की आशंका

इधर नगर निगम के चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की तिथि घोषित कर दी गई है जिसके कारण नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आशंका है कि पहले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव होगा। इसके बाद ही नगरीय निकाय चुनाव होगा। इसलिए इस चुनाव में काफी विलंब हो सकता है। वर्तमान महापौर का कार्यकाल जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में समाप्त हो जाएगा। यदि चुनाव नहीं हो पाया तो यहां पर प्रशासक बैठा दिया जाएगा।

# तहसीलदारों ने राजस्व मंत्री के खिलाफ खोला मोर्चा

**रायपुर, 14 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के थोक में तबादले से नाराज कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने राजस्व मंत्री टंक राम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. संघ ने ट्रांसफर में पैसे का भारी लेन देन होने का आरोप लगाया है. वहीं इस मामले को लेकर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ हाईकोर्ट जाने की बात कह रहे

बता दे कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राजस्व विभाग के 169 अफसरों का तबादला किया है। इसमें 55 तहसीलदार भी शामिल हैं। इसके बाद तहसीलदारों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यह भी आरोप है कि कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों को टारगेट कर दूरस्थ स्थानों पर ट्रांसफर किया गया है।

सिमगा के तहसीलदार नीलमणि दुबे ने राजस्व मंत्री पर पैसे लेकर ट्रांसफर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि, ट्रांसफर में क्राइटेरिया का पालन नहीं किया गया। यह सब राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बंगले से हो रहा है। उन्होंने कहा, ट्रांसफर ऑर्डर के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। सिमगा तहसीलदार कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि, मंत्री कोई क्राइटेरिया बता दें कि 2 साल से ऊपर वाले का ट्रांसफर किया गया है या 3 साल के ऊपर वाले का किया गया है। ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर तो कोई नियम होगा, मंत्री जी उसे बताएं। अगर सरकार और शासन ही नियम-कानून नहीं मानेंगे तो यह बहुत बड़ी विडंबना है। ऐसे में प्रदेश में कैसे सुशासन आएगा? सुशासन केवल नीति और नियम बनाने से नहीं होता उसका पालन करने से सुशासन आता है।

### हाईकोर्ट पहले खारिज कर चुका है ट्रांसफर लिस्ट

संघ के अध्यक्ष ने कहा कि, हम हाईकोर्ट के माध्यम से अपनी बात रखेंगे। 3 महीने पहले 150 लोगों की सूची निकली थी। हमारी अपील पर उसे हाईकोर्ट ने निरस्त किया था। लोग विधानसभा चुनाव से 2-3 महीने पहले स्थनांतरित हुए थे। जैसे ही सरकार बदली फिर ट्रांसफर कर दिया गया।

# 2 दिन पहले निलंबित तहसीलदार, 48 घंटे के भीतर कर दिया गया बहाल

**रायपुर, 14 सितम्बर।** प्रदेश भर में तहसीलदारों के हालिया तबादला आदेश में एक निलंबित तहसीलदार का भी तबादला कर दिया गया है. जबकि तहसीलदार को निलंबित किए 48 घंटे भी नहीं बीते थे. हैरानी की बात है कि निलंबन अवधि में भी तहसीलदार बेधड़क सरकारी कामकाज करता रहा. दस्तावेज बताते हैं कि निलंबन अवधि के दौरान तहसीलदार ने डिजिटल सिग्नेचर से सौ से भी ज़्यादा जाति प्रमाण पत्र जारी किया है.

दरअसल, 2 दिन पहले ही धमतरी कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर रायपुर संभागायुक्त ने बेलरगांव तहसीलदार अनुज पटेल को निलंबित किया था. निलंबन के बाद रायपुर आयुक्त कार्यालय में अटैच किया गया था. लेकिन शुक्रवार को जारी हुई तहसीलदारों की तबादला सूची में अनुज पटेल का भी नाम शामिल कर लिया गया, और उन्हें धमतरी से सक्ती का नया तहसीलदार बनाया दिया गया.

राजस्व विभाग के द्वारा जारी में बकायदा सभी को तत्काल भार मुक्त करने का भी निर्देश दिया गया है, साथ ही इस आदेश के बाद तत्काल 7 दिन के भीतर ज्वॉइन करने का भी निर्देश दिया गया है. अब सवाल ये उठता है कि क्या अनुज पटेल बतौर सक्ती तहसीलदार ज्वॉइन कर पाएंगे?

जानकार बताते हैं कि यदि किसी अधिकारी को निलंबित किया जाता है, तो जब तक उसका निलंबन बहाल न हो जाए तब तक उसका तबादला नहीं कर सकते. ये नियम विरुद्ध है. तो अब ऐसे में 2 दिन में ही तहसीलदार अनुज पटेल का तबादला कैसे हो गया.

### कलेक्टर के खिलाफ संघ ने खोल दिया है मोर्चा

तहसीलदार अनुज पटेल का निलंबन आदेश जारी होते ही संघ में नाराजगी भी देखने को मिली थी. नाराजगी इतनी थी संघ के सदस्यों ने कलेक्टर के खिलाफ मोर्चा भी खोल दिया था. बकायदा राजस्व मंत्री मिलकर निलंबन बहाली की मांग भी गई थी. हालाकि मंत्री ने इस मामले में जांच के बाद ही किसी प्रकार के आगे की कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन अनुज पटेल का निलंबन बहाल नही हुआ था.

इस मामले के धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया की इस संबंध के उनके पास कोई भी जानकारी नहीं है. उन्होंने बताया कि निलंबन की कार्रवाई आयुक्त कार्यालय से हुई है, तो बहाली आदेश भी वहीं से जारी होगा.

### निलंबन के बाद भी बनाए सौ से ज्यादा जाति प्रमाण पत्र

निलंबित तहसीलदार अनुज पटेल का निलंबन आदेश 11 सितंबर को ही जारी कर दिया गया है. उसके खिलाफ आरोप पत्र भी पेश करने की तैयारी चल रही है. लेकिन खबर है कि तहसीलदार इधर अपने कार्यालय का काम कर रहे हैं. उन्होंने ष्ठस्ष्ट (डिजिटल सिग्नेचर) के माध्यम से न सिर्फअपनी उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि लोगों का जाति प्रमाण पत्र भी बनाया है.

### सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

**रायपुर, 14 सितम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते अलग-अलग थाना क्षेत्र से 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना पुलिस के टीम ने मठपुरैना के पास सरेआम शराब पीते आरोपी भेखलाल धीवर 36 वर्ष व प्रकाश साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी अमन वर्मा 28 वर्ष, अमन अग्रवाल 24 वर्ष, शुभम वर्मा 27 वर्ष, उमेश यादव 37 वर्ष व सीताराम यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी गौरव झा 28 वर्श, सैलेन्द्र महिलांग 24 वर्ष, कुलदीप रिव 24 वर्ष, कमलेश साहू 35 वर्ष, विवेक साह 21 वर्ष, पप्पु निषाद 37 वर्ष, रमन बघेल 31 वर्ष, संजय राजपूत 28 वर्ष, रूपेश यादव 23 वर्ष व विनय यादव 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# बसना विधायक अग्रवाल को हार्टअटैक, भर्ती

**रायपुर, 24 सितम्बर।** बसना विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल को देर रात अचानक हार्ट अटैक आया है। बसना के अग्रवाल नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बालाजी अस्पताल रायपुर में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। उनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है। विधायक के बड़े बेटे सुमित अग्रवाल से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11.30 बजे उन्हें हल्का चेस्ट पेन हुआ। उन्हें तत्काल बसना के अग्रवाल नर्सिंग होम में लेजाया गया। जहां वरिष्ठ सर्जन डॉ एनके अग्रवाल ने हृदयाघात का संदेह व्यक्त किया और बिना देर किए प्राथमिक उपचार कर एम्बुलेंस से रायपुर बालाजी रेफर किया। जहां



चिकित्सक डॉ. देवेंद्र नायक एवं उनकी टीम की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। मेडिकल बुलेटिन के उताबिक उन्हें मेजर हार्ट अटैक हुआ है। उनके हृदय पर 03 ब्लॉकेज बताया जा रहा है। जिनमें से एक ब्लॉकेज 100त्न दूसरा बाल ब्लॉकेज 90त्न और तीसरा ब्लॉकेज 60त्न बताया जा रहा है। 100त्न ब्लॉकेज को तत्काल उपचार कर खोल गया है, वही उनका इलाज अभी की जारी है। विधायक की तबीयत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टर के मुताबिक उनकी बाईपास सर्जरी करनी होगी।

# मुख्यमंत्री जनदर्शन का मिला सीधा लाभ, किसानों को मिली बड़ी राहत

**रायपुर, 14 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनदर्शन का सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है। जनदर्शन में प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बलोदाबाजार जिला प्रशासन ओला वृष्टि से प्रभावित फसल क्षति हेतु सोनाखान क्षेत्र अंतर्गत 7 गावों के 772 किसानों के लिए 98 लाख 38 हजार 528 रूपये जारी किया है। जिसमें ग्राम सुखरी के 79, छतवन 174, देवगांव 44, गनौद 59, कुशगढ़ के 156 एवं कुशभाटा के 174 प्रभावित किसान शामिल है। उक्त सभी किसानों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम राशि तहसीलदार सोनाखान के द्वारा जमा करा दिया गया है। उक्त राशि मिलने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है की 2023 में ग्राम नगेड़ा के आसपास ग्रीष्मकालीन धान का फसल लगा हुआ था जो पूरी तरह से पक चुका था। मई माह में जोरदार ओलावृष्टि हुआ जिससे धान का फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसल के मुआवजा हेतु मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर को भी आवेदन बड़ी संख्या में किसानों द्वारा दिया गया था। उसी समय ओलावृष्टि हुए आस पास के गांवों में कलमीदादर, बानीखार, देवरी, नगेड़ी, सहित कुल 33 गांवों को मुआवजा मिल चुका था। पर अन्य गांवों का मुआवजा बचा हुआ था जिसे अब जारी किया गया है। आवेदको में शामिल नगेड़ा निवासी डीगेश पटेल ने कहा फसल क्षति से प्रभावित मेरे दादी एवं पिता जी के खाते में मुआवजा राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

### युवक के खाते से 1 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर, 14 सितम्बर।** मोबाइल फोन चोरी कर एसबीआई के खाते से अज्ञात आरोपी ने युवक के खाते से 1 लाख 70 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मी नारायण पटेल 44 वर्ष खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि शास्त्री बाजार के पास अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी के जेब से मोबाइल चोरी कर उसके एसबीआई बैंक के खाते से 2 बार में 1 लाख 70 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# यह रिश्ता क्या कहलाता है : केदार

**रायपुर, 14 सितम्बर।** कोयला घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपी सूर्यकांत तिवारी से नहीं मिलने देने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जमकर बिफरे. इस पर सवालों की बौछार करते हुए वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने पूछा है कि घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपियों से बघेल को क्या काम पड़ गया और वह सूर्यकांत से मिलने के लिए इतने उतावले क्यों हो गए? आरोपी तिवारी के पत्र लिखने के बाद से बघेल को कौन सा डर सता रहा है? कश्यप ने कटाक्ष करते हुए बघेल से यह जानना चाहा है कि घोटाले के आरोपी सूर्यकांत से उनका क्या नाता है और यह रिश्ता कहलाता क्या है?

मंत्री कश्यप ने कहा कि कोयला घोटाला मामले में पिछले लगभग दो साल से एक आरोपी जेल में बंद है, जिसे कई महीनों से जमानत तक नहीं मिल रही है, उनसे मिलने की ऐसी आतुरता 'आईने की तरह' साफ बता रही है कि बघेल को एक बड़ा डर सता रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो सूर्यकांत ने कोर्ट में याचिका लगाकर बघेल को यह इशारा कर दिया है कि अब वह ज्यादा दिन तक राज दफन नहीं कर सकता, ज्यादा दिन तक चुप नहीं रह पाएगा, क्या इसीलिए बघेल अब उससे मिलकर इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि कहीं उनका पर्दाफाश तो नहीं हो रहा है? द्यह्यश ऋद्गस्र ङ्क मुख्यमंत्री ने हिंदी दिवस पर दी शुभकामनाएं अन्यथा तो किसी भी आरोपी से मिलने की इतनी जल्दबाजी, इतनी आतुरता बघेल क्यों दिखा रहे हैं? और नहीं मिलने देने पर बिफरकर इत

कश्यप ने कहा कि जब सूर्यकांत ने कोर्ट में यह लिखकर दे दिया है तो कोर्ट की अपनी प्रक्रिया है, कोर्ट उसको देखेगी। उसमें भूपेश बघेल तो कोर्ट का काम नहीं कर सकते हैं



और न ही पुलिस का काम कर सकते हैं।

मंत्री कश्यप ने कहा कि घपलों-घोटालों के आरोपियों का जो संरक्षण भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हुए किया था, वह आज भी जारी है, तो यह रिश्ता क्या कहलाता है? आखिर यह क्या मामला है, जिसकी वजह से भूपेश बघेल केवल और केवल अपराधियों से मिलना चाहते हैं, उनकी बातें करना चाहते हैं, उनकी वकालत करना चाहते हैं?

कश्यप ने कहा कि मामला साफ है, इस बात से कतई इनकार नहीं किया जा सकता है कि यह घोटाला, मिलीभगत का घोटाला है और वह 'पॉलिटिकल मास्टर', जिसके बारे में जाँच एजेंसियाँ लगातार कहती रही है तो जांच एजेंसियों का इशारा किस तरफहै, यह पता चल रहा है. अब बघेल चाहे जितने नखरे-नौटंकी कर लें, अपनी बौखलाहट व नाराजगी चाहे जितनी दिखा लें, बघेल को अब यह बात अच्छी तरह से गांठ बांध लेनी चाहिए कि प्रदेश में अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का सुशासन चल रहा है. इसमें कोई कितना ही प्रलाप कर ले, छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का पैसा खाने वाला व्यक्ति, उनका हक मारने वाला कोई व्यक्ति नहीं बचेगा।

उन्होंने कहा, 'विष्णु के सुशासन' में कानून तो अपना काम करेगा ही और अपराधी चाहे जो हों, बघेल की सारी वकालत के बावजूद अपराधी को सींखचों के पीछे जाना ही पड़ेगा, यही उनकी तयशुदा नियति है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26